
रीवा

02 अप्रैल 2025 बुधवार

दैनिक मीडियाऑडीटर

रीवा, सतना से एक साथ प्रकाशित



अजिंक्य रहाणे ने ...
@ पेज 7

# यूपी-बिहार समेत कई राज्यों में बरसेगी आग, अप्रैल से जून तक सताएगी लू





**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के विभिन्न राज्यों में आने वाले दिनों में भीषण गर्मी पड़ने की संभावना है। भारत मौसम विज्ञान विभाग यानी आईएमडी ने सोमवार को आने वाले महीनों में सामान्य से अधिक गर्मी की संभावना जताई है।

### ● आईएमडी सामान्य से अधिक गर्मी की संभावना जताई

आईएमडी के मुताबिक, भारत में अप्रैल से जून तक तापमान सामान्य से अधिक रहने की संभावना है। इसके अलावा मध्य एवं पूर्वी भारत और उत्तर-पश्चिमी मैदानी इलाकों में अधिक दिन लू चल सकती है। इसके अलावा अधिकांश क्षेत्रों में न्यूनतम तापमान भी सामान्य से अधिक रहने की संभावना है।

आईएमडी के प्रमुख मृत्युंजय महापात्रा ने जानकारी दी है कि अप्रैल से जून तक पश्चिमी और पूर्वी भारत के कुछ हिस्सों के अलावा भारत के ज्यादातर भाग में अधिकतम तापमान सामान्य से ज्यादा रहेगा। पश्चिमी और पूर्वी भारत के कुछ क्षेत्रों में तापमान सामान्य रहने की संभावना है। इसके साथ ही अधिकांश क्षेत्रों में न्यूनतम तापमान भी सामान्य से अधिक रह सकता है।

आईएमडी के प्रमुख मृत्युंजय महापात्रा ने कहा- अप्रैल से जून तक उत्तर और पूर्वी भारत के अधिकांश हिस्सों, मध्य भारत और उत्तर-पश्चिम भारत के मैदानी इलाकों में सामान्य से दो से चार दिन अधिक लू चलने की संभावना है।÷ बता दें कि आमतौर पर भारत में अप्रैल से जून तक चार से सात दिन तक लू चलती है। ढ्ढरूष्ठ के मुताबिक, राजस्थान, गुजरात, हरियाणा, पंजाब, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, छत्तीसगढ़, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश तथा कर्नाटक और तमिलनाडु के उत्तरी हिस्सों में सामान्य से अधिक दिन लू चलने की संभावना है। पूर्वी उत्तर प्रदेश, झारखंड, छत्तीसगढ़ और ओडिशा सहित कुछ राज्यों में इस दौरान 10 से 11 दिन लू चलने की संभावना है।

महापात्रा के मुताबिक, देश के अधिकांश हिस्सों में न्यूनतम तापमान सामान्य से ज्यादा रहेगा। हालांकि, उत्तर-पश्चिम और पूर्वोत्तर के कुछ स्थानों पर तापमान सामान्य या सामान्य से थोड़ा कम रह सकता है। बता दें कि बीते सप्ताह ही केंद्र सरकार ने राज्यों से इस बारे में जांच करने के लिए कहा था कि क्या उनके अस्पताल तापमान में वृद्धि के बीच लू लगने और गर्मी से संबंधित बीमारियों से निपटने के लिए तैयार हैं?

आईएमडी के मुताबिक, बीते साल भारत में भीषण गर्मी पड़ी थी। देश के विभिन्न हिस्सों में गर्मी के दौरान लू लगने के 41,789 संदिग्ध मामले सामने आये थे। इस दौरान लू लगने एवं गर्म मौसम संबंधी रोगों से 143 लोगों की मौत हुई थी। विशेषज्ञों की मानें तो डेटा इकट्ठा करने की बेहतर व्यवस्था की कमी है, इस कारण लू से संबंधित मौतों की संख्या कम दर्ज की गई होंगी। विशेषज्ञों ने ये भी कहा है कि लू के दिनों की संख्या अधिक होने के कारण गर्मियों के मौसम में बिजली की मांग में 9 से 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी हो सकती है।

## संक्षिप्त समाचार

### हूतियों ने दिया अमेरिका को तगड़ा झटका

**दुबई (एजेंसी)।** यमन के हूती विद्रोहियों ने अमेरिकी का एक और एमक्यू-9 रीपर ड्रोन मार गिराने का दावा किया है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हूतियों और उसके संरक्षक ईरान को चेतावनी जारी की है। इस चेतावनी के बीच ही हूती विद्रोहियों ने अमेरिकी ड्रोन गिराने का दावा किया है। हूती विद्रोहियों ने मारिब प्रांत में इस ड्रोन गिराने का दावा किया है। मारिब प्रांत एक महत्वपूर्ण इलाका है, क्योंकि यहां तेल और गैस के बड़े अड्डे हैं जो अब भी यमन की निर्वासित केंद्रीय सरकार के सहयोगियों



के नियंत्रण में है। सोशल मीडिया पर जारी तस्वीरों में आग की लपटें भी निकलती नजर आ रही हैं। हूती विद्रोहियों के प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल याह्या सारी ने अलग से एक पूर्व-रिकॉर्ड वीडियो संदेश में एमक्यू-9 ड्रोन को गिराने का दावा किया। सारी ने बताया कि विद्रोहियों ने ड्रोन को स्थानीय रूप से निर्मित मिसाइल से निशाना बनाया। वहीं अमेरिकी सेना ने एसोसिएटेड प्रेस को बताया कि उसे रीपर ड्रोन के गिराने की खबरों के बारे में जानकारी है, हालांकि उसने इस पर और कोई विस्तृत जानकारी देने से इनकार कर दिया। इससे पहले अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया वेबसाइट 'ट्रुथ सोशल' पर हूतियों और उनके मुख्य संरक्षक ईरान पर निशाना साधते हुए लिखा था, ''हूतियों के कई लड़के और नेता मारे जा चुके हैं। हम दिन-रात हूतियों पर हमले कर रहे हैं, ताकि क्षेत्र में सुरक्षा बनी रहे और समुद्री मार्गों को खतरा ना हो।÷ ट्रंप ने कहा कि हूती विद्रोहियों के आतंक का समुद्री मार्गों की स्वतंत्रता के लिए खतरा बने रहने तक अमेरिका हूती विद्रोहियों पर हमला जारी रखेगा।


### एलन मस्क के 13वें बच्चे को लेकर बढ़ा विवाद

**अमेरका (एजेंसी)।** एलन मस्क कुल 14 बच्चों के पिता हैं। ये सारे बच्चे उनकी अलग-अलग पत्नी और गर्लफ्रेंड से हुए हैं। एलन मस्क टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ भी हैं। अमेरका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी उन्हे बड़ी जिम्मेदारी सौंप रखी है।



एलन मस्क का नाम अक्सर विवादों भी रहता है। अब एलन के एक बयान से नया विवाद छिड़ गया है। एलन मस्क ने दावा किया है कि उन्हें नहीं पता कि 13वां बच्चा उनका है भी या नहीं, बावजूद इसके वो इन्फ्लुएंसर एश्ले सेंट क्लेयर को 2.5 मिलियन डॉलर यानी करीब 21 करोड़ रुपए दे रहे हैं। यह राशि वो अपने कथित बच्चे के परवरिश के लिए दे रहे हैं। साथ ही उन्होंने कहा है कि वो इन्फ्लुएंसर को 500 हजार डॉलर यानी करीब 4 करोड़ रुपए सालाना इसके अतिरिक्त भी दे रहे हैं। दरअसल, मस्क ने 31 मार्च को अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, ÷मुझे नहीं पता कि बच्चा मेरा है या नहीं, लेकिन मैं यह पता लगाने के खिलाफ नहीं हूं, किसी अदालती आदेश की जरूरत नहीं है।÷ उन्होंने आगे कहा, ÷पक्का पता ना होने के बावजूद, मैंने एशले को 2.5 मिलियन डॉलर दिए हैं और उसे 500 हजार डॉलर प्रति वर्ष भेज रहा हूं।÷ टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ, दक्षिणपंथी कार्यकर्ता लॉरा लूमर की ओर से पोस्ट किए गए एक वीडियो पर प्रतिक्रिया दे रहे थे। मस्क ने उन आरोपों को खारिज किया जिसमें कहा गया था कि उन्होंने अपने कथित बेटे को दी जाने वाली राशि में कटौती की है। मस्क पर ये आरोप इन्फ्लुएंसर एश्ले सेंट क्लेयर की ओर से लगाए गए थे। एशले सेंट क्लेयर उस समय सुर्खियों में आई थी जब उन्होंने दावा किया कि उन्होंने चुपचाप एलन मस्क के 13वें बच्चे को जन्म दिया है।

## ईद के दिन मंदिर पर लगा दिया हरा झंडा



**बीड (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के बीड जिले में सोमवार को ईद के दिन हैरान कर देने वाली घटना घटी है। यहां एक गांव में मंदिर पर हरा लगा दिया गया जिस कारण इलाके में तनाव पैदा हो गया। मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस ने हस्तक्षेप किया और दो अलग-अलग समुदायों के स्थानीय निवासियों से बात की। इसके बाद गांव में स्थिति नियंत्रण में आई। आइए जानते हैं इस मामले के बारे में सबकुछ। पुलिस ने मंगलवार बीड जिले के गांव में हुई घटना के बारे में पूरी जानकारी दी है। पुलिस ने बताया है कि रविवार गुड़ी पड़वा के अवसर पर बीड के पचेगांव में उत्सव का आयोजन किया गया था। यहां कानिफनाथ मंदिर से वार्षिक शोभा यात्रा भी निकाली गई। इसके बाद सोमवार को ईद के मौके पर कुछ लोगों ने मंदिर पर भगवा झंडे के साथ हरा झंडा भी लगा दिया। मंदिर पर हरा झंडा लगाए जाने के बाद गांव में कुछ समय के लिए तनाव की स्थिति पैदा हो गई थी। इसके बाद पुलिस ने गांव के दो अलग-अलग समुदायों के सदस्यों से बात की और मंदिर से दोनों झंडों को हटा दिया गया। पुलिस ने बताया है कि इस घटना को लेकर कोई मामला दर्ज नहीं किया गया है।

### अब दिल्ली में बीजेपी विधायक ने की सीएम से निर्देश देने की मांग

## दुकान के बाहर लिखा जाए कौन है इसका असली मालिक?

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय जनता पार्टी के विधायक तरविंदर मारवाह ने दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से एक खास मांग की है। बीजेपी विधायक ने शहर के सभी दुकानदारों को अपनी दुकानों पर 'असली' मालिक का नाम और आधार विवरण प्रदर्शित करने का निर्देश देने की मांग की है। ताकि लोगों को नवरात्र के दौरान पवित्र चीजों की खरीदारी करते समय 'उचित विकल्प' चुनने में मदद मिल सके।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को 30 मार्च को लिखे पत्र में बीजेपी विधायक मारवाह ने कहा है कि यह सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है कि समारोह आपसी सम्मान और सद्भाव के साथ आयोजित किए जाएं। जंगपुरा से विधायक मारवाह ने लिखा है, मैं आपके कार्यालय से अनुरोध करता हूं कि वह दिल्ली के सभी दुकानदारों को अपनी दुकान के सामने मालिक के नाम और आधार विवरण वाली पट्टिका लगाने का निर्देश जारी करें। इसके साथ ही बीजेपी विधायक ने कहा कि इससे लोगों को पवित्र चीजों की खरीदारी





करते समय 'उचित विकल्प' चुनने और अपने अनुष्ठानों की पवित्रता बनाए रखने में मदद मिलेगी। मारवाह ने स्पष्ट किया कि उनकी यह मांग किसी विशेष समुदाय के खिलाफ नहीं है।

बीजेपी विधायक मारवाह ने कहा कि उन्होंने ईद के पर्व को लेकर भी इस तरह का निर्देश जारी करने की मांग की है। मारवाह ने कहा, मुझे शिकायतें मिली थीं कि दुकानों पर असली मालिक के बजाय किसी अन्य व्यक्ति के नाम प्रदर्शित किए जाते हैं। मैंने खुद इसकी जांच की और पाया कि यह सच है। इसके साथ ही उन्होंने कहा, दुकान के असली मालिक का नाम और उनका आधार विवरण प्रमुखता से प्रदर्शित किया जाना चाहिए।

## दिल्ली में पड़ोसी ने 2 साल की बच्ची पर चढ़ा दी कार



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश की राजधानी दिल्ली से एक दर्दनाक खबर सामने आ रही है। यहां एक कार चालक ने अपने पड़ोसी के बच्ची पर कार चढ़ा दी। घटना के बाद परिजन बच्ची को लेकर अस्पताल भागे, जहां इलाज के दौरान बच्ची ने दम तोड़ दिया। इसके बाद आरोपी कार चालक पर एफआईआर दर्ज कर लिया गया है। घटना से जुड़ा एक सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें आरोपी बच्ची पर कार चढ़ाता दिख रहा है। वीडियो में साफ दिख रहा है कि बच्ची गली में घर के बाहर खेल रही है और कुछ लोग पास ही बेंच पर बैठे हुए हैं। थोड़ी देर बाद एक कार वहां आती है बच्ची खेलते-खेलते सड़क पर बैठकर कुठ कर रही थी कि तभी कार चालक उसपर कार चढ़ा देता है। कार चढ़ते ही एक शख्स दौड़कर आता है और कार चालक को रोककर पीछे जाने को कहता है। कार पीछे होते ही वह बच्ची को उठाता है और लोग उसके परिवारवालों को सूचित करते हैं। वीडियो में कार चालक कार में ही बैठा दिखाई देता है।

## लोकसभा में आज पेश होगा वक्फ बिल, विपक्ष कमर कसकर तैयार

### लोक सभा की बिजनेस एडवाइजरी कमेटी की बैठक हुई

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** लोक सभा की बिजनेस एडवाइजरी कमेटी की बैठक हुई जिसके बाद सरकार की तरफ से कहा गया कि, हम आज वफ्फ अमेंडमेंट बिल ला रहे हैं। इस बिल पर चर्चा के लिए आज लोकसभा में आठ घंटे का समय तय किया गया है। इसकी चर्चा के साथ ही विपक्ष के मेंबर्स वॉक आउट कर गए, जबकि स्पीकर की तरफ से कहा गया कि अगर हाउस का सेंस रहा तो इस बिल पर चर्चा का टाइम बढ़ाया भी जा सकता है। सरकार की तरफ से कहा गया है कि कैथोलिक चर्च ने इस बिल का सपोर्ट किया है, जो खुशी की बात है।

संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने जानकारी दी कि आज प्रश्न काल के बाद मैं इस बिल को लोकसभा में इंट्रोड्यूस करूंगा। इस पर चर्चा के लिए विपक्षी सदस्य अगर समय बढ़ाना चाहते हैं तो हाउस के सेंस से समय बढ़ाया भी जा सकता है। इस बिल को लोकसभा से पास कराके राज्य सभा में भेजा जाएगा और ये सत्र चार तारीख तक का ही है। अगर जरूरत पड़ी तो सत्र बढ़ाया जा सकता है।

लोकसभा में एनडीए ने अपने सभी घटक दलों को चीफ व्हिप जारी किया है जिसमें दो अप्रैल को अपने सभी सांसदों की सदन में मौजूदगी सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है। संसदीय कार्य मंत्री किरेन



रिजिजू ने ये भी कहा है कि जिन सांसदों को वक्फ बिल पर चर्चा के दौरान बोलने का मौका मिलेगा, वे बिल के मुख्य बिंदुओं पर बात करें और बोलते समय संयम बरतें. उत्तेजित न हों। आज दोपहर 12.15 बजे इस बिल पर चर्चा की शुरुआत होगी। बता दें कि कांग्रेस इस मुद्दे पर 12 घंटे की चर्चा चाहती थी। सरकार आज ही वक्फ बिल पर चर्चा कर जवाब देगी और आज बिल पास करवाएगी।

## अब बेंगलुरु में रहना महंगा हो जाएगा

### बेंगलुरु के निवासियों को कचरा कर देना होगा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु, जिसे सिलिकॉन सिटी और गार्डन सिटी के नाम से जाना जाता है, यहां रहना 1 अप्रेल से महंगा होने जा रहा है। बेंगलुरु के निवासियों को कचरा कर देना होगा। अब पहले से लगने वाले प्रॉपर्टी टैक्स बिल पर 1 अप्रैल से डोमेस्टिक वेस्ट कलेक्शन और डिस्पोजल चार्ज भी लगेगा। कचरे के निपटान के लिए यूजर फीस को कर्नाटक सरकार की तरफ से मंजूरी दे दी गई है। बेंगलुरु सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट लिमिटेड ने पिछले साल नवंबर में इस शुल्क का प्रस्ताव रखा था, जिसे डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार की अध्यक्षता वाले शहरी विकास विभाग ने मंजूरी दे दी है।

प्रॉपर्टी की साइज के आधार पर, कचरा प्रबंधन लागत 10 रुपये से 400 रुपये तक बीबीएमपी को चुकानी होगी। यह बेंगलुरु के हर घर, दुकान और कार्यालय पर लागू होगी। ब्रड्ढरूक्क के लगाए गए अनुमान के मुताबिक इस यूजर फीस से सालाना 600 करोड़ रुपये तक की कमाई होगी।

कई बड़े-बड़े अपार्टमेंट या कमर्शियल



बिल्डिंग ऐसे होते हैं, जहां हर रोज इकट्ठा खूब सारा कूड़ा निकाला जाता है। अगर ये किसी वेस्ट प्रॉसेसिंग एजेंसी की मदद नहीं लेते हैं, तो इस स्थिति में इनसे प्रति किलो कूड़े पर 12 रुपये एक्स्ट्रा लिए जाएंगे।

वहीं, आपको बता दें कि बृहत बेंगलुरु महानगर पालिका के इस फैसले को लेकर प्रदेश में विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया है। कर्नाटक के नेता प्रतिपक्ष और भाजपा विधायक आर अशोक ने सरकार के इस कचरा टैक्स की आलोचना की है। इसे लेकर अशोक ने डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि सीएम की कुर्सी पाने के लिए वसूला जा रहा है।

## जिन राज्यों के नेता भाषा विवाद को हवा दे रहे हैं, वे पिछड़ रहे हैं

### सीएम योगी ने स्टालिन पर किया प्रहार

**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भाषा को लेकर की जा रही राजनीति की आलोचना की और कहा कि जिन राज्यों के नेता इस विवाद को हवा दे रहे हैं, वे राज्य पिछड़ते जा रहे हैं। सीएम योगी ने एक इंटरव्यू में यह भी कहा कि उत्तर प्रदेश में रोजगार के बड़े अवसर पैदा हो रहे हैं और इस तरह की संकीर्ण राजनीति युवाओं की संभावनाओं को नुकसान पहुंचा सकती है। मुख्यमंत्री ने कहा, ''उत्तर प्रदेश में रोजगार के नए अवसर खुल रहे हैं, नौकरियां सृजित की जा रही हैं। जो लोग भाषा को लेकर विवाद पैदा कर रहे हैं, वे अपने राजनीतिक हितों को पूरा कर सकते हैं लेकिन एक तरह से युवाओं के लिए रोजगार के अवसरों पर प्रहार कर रहे हैं।'' जब उनसे पूछा गया कि क्या वह तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन का जिक्र कर रहे हैं, तो उन्होंने कहा, ''वो कोई भी हों, वे यही कर रहे हैं। यही कारण



है कि ये राज्य धीरे-धीरे पिछड़ते जा रहे हैं। उनके पास कोई अन्य मुद्दा नहीं है और वे अपने राजनीतिक हितों को हासिल करने के लिए भावनाओं को भड़का रहे हैं।''

सीएम योगी ने कहा कि तमिल, तेलुगु, मलयालम, कन्नड़, बंगाली या मराठी जैसी भाषाएं राष्ट्रीय एकता की आधारशिला बन सकती हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार अपने छात्रों को तमिल, तेलुगु, मलयालम, कन्नड़, बंगाली और मराठी जैसी भाषाएं सिखा रही है। उन्होंने पूछा, ''क्या इससे उत्तर प्रदेश किसी भी मायने में छोटा हो गया? क्या यह उत्तर प्रदेश को कमतर करके दिखाता है?''

मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी का मानना ??है कि हिंदी का सम्मान होना चाहिए लेकिन भारत ने त्रिभाषा फॉर्मूला अपनाया है। आदित्यनाथ ने कहा, ''यह त्रिभाषा फॉर्मूला सुनिश्चित करता है कि क्षेत्रीय भाषाओं को भी समान सम्मान मिले। हर भाषा की अपनी विशेषता होती है जो राष्ट्रीय एकता की आधारशिला बनती है।'' उन्होंने कहा कि हर क्षेत्रीय भाषा की अपनी लोक परंपराएं और कहानियां होती हैं जो राष्ट्र की विविधता को सामने लाती हैं और इसे मजबूत बनाती हैं। आदित्यनाथ ने कहा कि 'काशी तमिल संगमम' पहल इसका सबसे अच्छा उदाहरण है क्योंकि यह भारत की सबसे पुरानी भाषाओं तमिल और संस्कृत को एक साथ लाता है।

## पहचान छिपा लड़कियो को डेट करता, पत्नी ने खोली पोल, पहुंचाया जेल




**नागपुर (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के नागपुर में एक महिला ने अपने ही पति के काले कारनामों का खुलासा करते हुए उसे सलाखों के पीछे पहुंचा दिया। पता चला है कि आरोपी दूसरी महिलाओं को अपने जाल में फंसाकर उन्हें ब्लैकमेल करता। उनके साथ रेप करता और अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर पैसे ऐंठता था। इतना ही नहीं अपनी पत्नी को भी अक्सर प्रताड़ित करता रहता था। पुलिस ने आरोपी को अरेस्ट कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। आरोपी की पहचान 32 वर्षीय अब्दुल शारिक कुरैशी उर्फ साहिल के रूप में हुई है। अब्दुल शारिक नागपुर के टेक बाजार इलाके में पान की दुकान चलाता था। आरोपी की पत्नी ने बताया कि साल 2021 में उसकी शादी हुई थी और उन्हें एक तीन साल की बेटी भी है। वो बहुत शातिर और हैवान है। पुलिस के मुताबिक आरोपी अपने मेरिटल स्टेटस छिपाकर लड़कियों व महिलाओं को जाल में फंसाता था। इसके बाद उन्हें शादी का झांसा देकर अवैध संबंध बनाता था। इसी दौरान वह महिलाओं का आपत्तिजनक वीडियो बनाता था और बाद में उन्हें ब्लैकमेल करता था। यही नहीं, आरोपी अपनी पत्नी पर भी अप्राकृतिक यौन संबंध बनाने के लिए दबाव डालता था। जब 24 वर्षीय पीड़ित महिला को अपने पति की हरकतों पर शक होने लगा तो अपने एक रिश्तेदार की मदद से उसके फोन को क्लोन करके उसका व्हाट्सऐप को हैक कर लिया। उसने जब उसका व्हाट्सऐप चेक किया तो उसके पैरों तले जमीन खिसक गई। उसे पता चला कि आरोपी के कई महिलाओं से संबंध हैं। इनमें कई नाबालिग लड़कियां भी शामिल हैं। उसने उनके अश्लील वीडियो और तस्वीरें भी बनाई हैं जिनके जरिए वो उन महिलाओं और लड़कियों को ब्लैकमेल कर रहा था।

## 15 कुएं, 5 बावड़ियों का होगा जीर्णोद्धार

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** राजधानी में जल गंगा अभियान के तहत जल स्त्रोतों का जीर्णोद्धार किया जाएगा। तालाब, डेम, नदी, कुएं और बावड़ियों की सफाई और मरम्मत होगी। पौधारोपण भी किया जाएगा। पानी की पाइपलाइन के लीकेज को ठीक करने के लिए टीमें तैनात होंगी। अभियान 30 मार्च से 30 जून तक चलेगा। कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह इसकी मॉनीटरिंग कर रहे हैं। नगर निगम अपर आयुक्त देवेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि इस बार 15 कुएं और 5 बावड़ी का जीर्णोद्धार होगा। शहर की 9 वॉटर बॉडी की सफाई होगी। जिला पंचायत सीईओ इला तिवारी ने बताया कि 300 हैंडपंप और नलकूप रिचार्ज होंगे। 300 स्थानों पर प्याऊ की व्यवस्था होगी।

## कोलार रोड पर सड़क पर दिखा बाघ

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** कोलार डेम के पास एक टाइगर सड़क पार करते हुए वाहन चालक के सामने आ गया। यह देखकर पहले तो कार सवार परिवार सहम गया, लेकिन टाइगर का सामान्य व्यवहार देखकर वह भी सामान्य हुए। ऐसे में करीब आधा घंटे तक इस परिवार ने अपनी गाड़ी में बैठे-बैठे उसके न सिर्फ फोटो लिए बल्कि वीडियो भी बनाए। दरअसल, तुलसी नगर निवासी पूजा कुल्हाड़े रविवार को परिवार समेत सलकनपुर देवी दर्शन के लिए गई थीं। रात में करीब साढ़े नौ बजे लौटते समय कोलार डेम से आगे बढ़े तभी उन्हें सड़क पार करते हुए टाइगर नजर आया।

## समर सीजन में भोपाल से 4 फ्लाइट शुरू करेगी एअर इंडिया एक्सप्रेस

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** इकोनॉमिक एयरलाइन्स कंपनी एअर इंडिया एक्सप्रेस समर सीजन में भोपाल से हैदराबाद, मुंबई, दिल्ली और बेंगलुरु के लिए फ्लाइट्स शुरू करेगी। हाल ही में जारी समर शेड्यूल के लिए कंपनी ने हामी नहीं भरी थी, लेकिन बाद में जब एक्सप्रेस के अधिकारियों की अपनी मूल कंपनी एअर इंडिया प्रबंधन के अधिकारियों से बातचीत हुई, तब तय किया गया कि समर सीजन के दौरान ही एक्सप्रेस द्वारा फ्लाइट्स की शुरुआत की जाएगी। एयरपोर्ट डायरेक्टर रामजी अवस्थी का कहना है कि एअर इंडिया एक्सप्रेस द्वारा समर सीजन में ही फ्लाइट्स शुरू की जाएंगी। लेकिन, इनका शेड्यूल स्लॉट मिलने के बाद जारी किया जाएगा।

## जेपी अस्पताल और आयुर्वेद कॉलेज में आज से ओपीडी का समय बदला

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** शहर के जेपी अस्पताल में अब ओपीडी का समय सुबह 9 बजे से 2 बजे तक और शाम को 5 बजे से 6 बजे तक रहेगा। इस दौरान मरीज यहां आकर अपना इलाज करवा सकते हैं। बता दें कि जेपी अस्पताल में ओपीडी में एक दिन में करीब 1800 मरीज आ रहे हैं। इधर, पंडित खुशीलाल शर्मा आयुर्वेद कॉलेज से संबद्ध अस्पताल में ओपीडी के समय में बदलाव किया गया है। अब यहां ओपीडी का समय सुबह 8 बजे से दोपहर 1 बजे तक होगा। पहले यह समय सुबह 9 से 12 बजे तक था। यहां रोजाना 600 से 800 मरीज आते हैं। डॉ. उमेश शुक्ला ने बताया कि सुपर स्पेशलिटी अस्पताल का समय पहले की तरह सुबह 9 से दोपहर 2 बजे तक ही रहेगा।

# गुजराती संस्कृति में समरसता का अद्भुत भाव : राज्यपाल

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने गुजराती में कहा कि गुजराती संस्कृति में समरसता का अद्भुत भाव है। गुजरातियों में मेलजोल और आपसी भाईचारे का व्यवहार होता है। राज्यपाल श्री पटेल रवीन्द्र भवन में अखिल भारतीय गुजराती समाज के कार्यक्रम 'सदाकाल गुजरात' को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर गुजरात के मुख्यमंत्री श्री भूपेन्द्र भाई पटेल और गृह राज्य मंत्री श्री हर्ष संघवी भी मौजूद थे। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा कि जहां बसे गुजराती, वहां बसे सदाकाल गुजरात कहावत को गुजरातियों ने हमेशा चरितार्थ किया है। मध्यप्रदेश की संस्कृति में भी गुजराती समाज रच, बस गया है। गुजराती समाज का मध्यप्रदेश के विकास में विशेष योगदान है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत को बनाने में मध्यप्रदेश की जनता के साथ गुजराती समाज लगातार सहयोग और सहभागिता कर रहा है। राज्यपाल श्री पटेल ने केंद्र और राज्य सरकार के सामाजिक सहभागिता पर आधारित कार्यक्रमों को सफल बनाने में अखिल भारतीय गुजराती समाज संस्था के सहयोग और सक्रियता की सराहना की।



गुजरात के मुख्यमंत्री श्री भूपेन्द्र भाई पटेल ने गुजराती में कहा कि गुजराती संस्कृति गर्व का प्रतीक है। आजादी के आन्दोलन में देश को गुजरात ने ही महात्मा गांधी और सरदार वल्लभ भाई पटेल के रूप में मजबूत नेतृत्व दिया है। अब प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में भारत विकसित और विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर है।

उन्होंने गुजरात राज्य की भौगोलिक चुनौतियों को अवसरों में बदल कर गुजरात को देश का ग्रोथ इंजन बनाने वाले प्रधानमंत्री श्री मोदी की कार्यकुशलता, नेतृत्व, दृढ़ संकल्प और इच्छाशक्ति की सराहना की। मुख्यमंत्री श्री पटेल ने मध्यप्रदेश के गुजराती समाज को प्रदेश के विकास में हमेशा योगदान देने और एक भारत-श्रेष्ठ भारत निर्माण में बढ़-चढकर भाग लेने का आव्हान किया। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि गुजरात राज्य पर ईश्वर की विशेष कृपा और आशीर्वाद है। आजादी से लेकर देश के विकास और अर्थव्यवस्था में आज गुजरात का अहम योगदान है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में भारत अब आर्थिक महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर है।

गुजरात राज्य के गृह राज्य मंत्री श्री हर्ष संघवी ने गुजराती में कहा कि गुजरात और मध्यप्रदेश का इतिहास, भूगोल और संस्कृति एक समान है। दोनों राज्य के लोगों का व्यवहार, रीति-नीति और संस्कृति एक जैसी है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में रहने वाला प्रत्येक गुजराती, गुजरात की संस्कृति का ब्रांड एम्बेसडर है। श्री संघवी ने कहा कि वर्तमान और भावी पीढ़ी को गुजरात दर्शन जरूर कराए।

खजुराहो सांसद श्री वी. डी. शर्मा ने कहा कि कोरोना काल में प्रदेश के गुजराती समाज ने पीड़ित मानवता की सराहनीय सेवा की है। अनेक अवसरों पर भी गुजराती समाज द्वारा मानव सेवा के उत्कृष्ट और अनुकरणीय उदाहरण मिलते हैं। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश की अर्थव्यवस्था की मजबूती में गुजराती समाज की सक्रिय भागीदारी कर रहा है। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने दीप प्रज्ज्वलन कर, कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। उनका गुजरात के मुख्यमंत्री श्री भूपेन्द्र भाई पटेल और अखिल भारतीय गुजराती समाज के अध्यक्ष श्री संजय पटेल ने स्मृति चिन्ह भेंट कर अभिनंदन किया।

## पशुपालन राज्य मंत्री श्री पटेल द्वारा बुल मदर फार्म का निरीक्षण



**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** पशुपालन एवं डेयरी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री लखन पटेल द्वारा सोमवार को बुल मदर फार्म एवं भ्रूण प्रत्यारोपण प्रयोगशाला, भोपाल का निरीक्षण किया गया। उन्होंने विभिन्न नस्लों गिर, थारपारकर एवं राठी नस्ल की गायों को देखा और फार्म पर किये जा रहे विभिन्न कार्यों के बारे में डॉ. राजू रावत, प्रबंध संचालक, मध्य प्रदेश राज्य पशुधन एवं कुक्कुट विकास निगम एवं डॉ. अमिताब बैनर्जी, प्रबंधक, बुल मदर फार्म से चर्चा की। निरीक्षण के दौरान राज्य मंत्री श्री पटेल ने मदर फार्म एवं भ्रूण प्रत्यारोपण प्रयोगशाला के शेड की छतों पर सोलर पैनल लगवाने के निर्देश दिए, जिससे बिजली उत्पादन कर आय बढ़ाई जा सके। साथ ही आईवीएफ के आवर्ती व्यय के लिए राशि उपलब्ध कराने हेतु परियोजना तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

प्रबंध संचालक डॉ. राजू ने बताया कि विभागीय मंत्री द्वारा पूर्व में भ्रमण के दौरान बुल मदर फॉर्म के सुदृढ़ीकरण एवं नए पशु लाने के निर्देश दिए गए थे। उक्त निर्देशों के अनुपालन में प्रोजेक्ट तैयार कर लिया गया है, जिसे भारत सरकार को भेजे जाने हेतु बैठक में रखा जायेगा। इसी प्रकार अधिक दुग्ध उत्पादन हेतु पशुओं को साइलेज खिलाने के निर्देश भी दिए गए थे।

## बैतूल में एम.पी. ट्रांस्को के कार्मिकों ने सीखीं जीवन रक्षक तकनीक

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांसको) स्थानीय जिला चिकित्सालयों और मेडिकल कॉलेजों के सहयोग से मध्यप्रदेश में एम.पी. ट्रांसको के कर्मियों के लिए ''सी.पी.आर. एवं अन्य ऐसे ही जीवन रक्षक तकनीकों'' पर प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में एक प्रशिक्षण कार्यशाला बैतूल में आयोजित की गई।



प्रशिक्षण कार्यशाला में कंपनी के बैतूल स्थित सबस्टेशन एवं अति उच्चदाब संधारण बैतूल के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियो को मेडिकल आफिसर डॉ. रानू वर्मा द्वारा व्यवहारिक और उपयोगी प्रशिक्षण दिया गया।

कंपनी के कार्मिकों एवं समाज के लिए बहुउपयोगी एवं जीवनरक्षक इस कार्यशाला के सफल आयोजन में एम.पी. ट्रांसको के करीब 30 मेंटनेन्स, ऑपरेटिंग एवं सुरक्षा कर्मियों ने हिस्सा लिया। सी.पी.आर. प्रशिक्षण के लिए उपयोग किये जाने वाले मानव पुतले एवं कुछ वीडियों की सहायता से सी.पी.आर. तकनीक का विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान यह सुनिश्चित किया गया कि प्रत्येक प्रतिभागी विषय विशेषज्ञ की निगरानी में मानव पुतले पर सी.पी.आर. तकनीक का अभ्यास करे।

## मंत्रालय में हुआ राष्ट्र-गीत एवं राष्ट्र-गान का सामूहिक गायन



**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** अप्रैल माह के प्रथम शासकीय कार्य दिवस पर मंत्रालय स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल पार्क में राष्ट्र-गीत वंदे-मातरम एवं राष्ट्र-गान जन-गण-मन का सामूहिक गायन हुआ। इस अवसर पर पुलिस बैंड ने मधुर धुनें प्रस्तुत की। वंदेमातरम गायन में खेल एवं युवा कल्याण, सहकारिता, मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग, मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव श्री अशोक बर्णवाल, श्री संजय दुबे, सहित सतपुड़ा-विंध्याचल भवन के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## न्यूनतम वेतन वृद्धि, 6 माह का डीए भी मिलेगा, 20 लाख दैवेभो को फायदा

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** दैनिक वेतन भोगी कर्मियों के न्यूनतम वेतन में अप्रैल से वेतन वृद्धि का नोटिफिकेशन जारी हो गया। श्रम आयुक्त द्वारा जारी नोटिफिकेशन में 1 अप्रैल 2025 से 30 सितंबर 2025 तक का परिवर्तनशील महंगाई भत्ता भी देने का जिक्र किया गया है। इससे प्रदेश की मिलों, कारखानों, सार्वजनिक उपक्रमों, बिजली कंपनियों में दैनिक वेतन पर कार्यरत लगभग 20 लाख कर्मचारियों को फायदा होगा। इनकी चारों श्रेणी के कर्मचारियों का दैनिक वेतन 1 अप्रैल से 466 रुपए से 633 रुपए तक बढ़ जाएगा। श्रम आयुक्त द्वारा साल में दो बार अप्रैल में और अक्टूबर में इनके न्यूनतम वेतन में वृद्धि की जाती है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई इंडेक्स) को वृद्धि का आधार बनाया जाता है। पूषण भट्टाचार्य, अशोक पांडे, वासुदेव शर्मा, मनोज भार्गव सहित कई ट्रेड यूनियन और कर्मचारी संगठनों के नेताओं ने मांग की है कि मप्र में पुराने इंडेक्स की बजाय नए इंडेक्स के आधार पर वेतन बढ़ाना चाहिए। गौरतलब है पिछले साल अप्रैल में बढ़ाया गया वेतन मई में कम कर दिया गया था।

## 40 लाख रुपए हो सकती है पार्षद निधि

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** संपत्ति कर और जलकर में बढ़ोतरी के साथ ही नगर निगम के इस साल के बजट में विकास कार्यों के लिए जनप्रतिनिधियों को दी जाने वाली निधि में डेढ़ गुना तक वृद्धि हो सकती है। संपत्ति कर, पानी के बिल और अन्य यूजर चार्जेस में हो रही वृद्धि पर पार्षदों के विरोध को खत्म करने के लिए यह वृद्धि प्रस्तावित की गई है।

अभी पार्षदों को 25-25 लाख रुपए सालाना मिलता है, जबकि एमआईसी सदस्यों को 50-50 लाख और 25-25 लाख समेत 75 लाख मिलता है। डेढ़ गुना होने पर पार्षद निधि करीब 40 लाख और एमआईसी सदस्यों की निधि करीब 1.25 करोड़ हो सकती है। महापौर निधि 5 करोड़ और परिषद अध्यक्ष निधि 2 करोड़ रुपए है। इसमें भी वृद्धि की संभावना है। बजट 3 अप्रैल को पेश किया जाएगा। उससे एक दिन पहले 2 अप्रैल को भाजपा पार्षद दल की बैठक बुलाई जाएगी। इसमें बजट पर सहमति बनाई जाएगी। पिछले बजट में विधानसभा क्षेत्रों में विकास के लिए एक साथ 10 करोड़ रुपए रख दिए। कई विधायकों ने आपत्ति उठाई कि उनके विधानसभा क्षेत्र के लिए बजट नहीं मिला। इसलिए इस बार हर विधानसभा के लिए बजट रखा जाएगा और यह 2 करोड़ रुपए से अधिक होगा।




जीआईएस के दौरान शहर की सुंदरता पर नगर निगम ने 30 करोड़ रुपए खर्च किए थे। इसे बनाए रखने और नए कामों अलग बजट की व्यवस्था की जाएगी। यह विभागों के बजट से अलग होगा। इस बार हर विभाग को सिर्फ सौंदर्यीकरण के लिए 2-2 करोड़ रुपए अलग से दिए जाएंगे।

2022-23 में जलकर में बढ़ोतरी हुई थी। तब 2400 वर्ग फीट तक के प्लॉट पर 210 रुपए और इससे बड़े प्लॉट पर 300 रुपए प्रति माह जल दर तय की गई थी। बल्क कनेक्शन पर 16.45 रुपए प्रति 1000 लीटर शुल्क तय हुआ था। उस समय प्रशासक कार्यकाल था। 2022-23 में हुई यह वृद्धि 14 साल बाद की गई थी।

## हवा में बढ़ा प्रदूषण, टीटी नगर में सबसे ज्यादा 171 रहा एयूआई

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** राजधानी की हवा एक बार फिर खराब होने लगी है। प्रदूषण का मुख्य कारण धूल के कण यानी पीएम-10 हैं। जीआईएस समिट के दौरान हवा की सेहत में सुधार हुआ था। स्वच्छता सर्वेक्षण की टीम के दौरे के दौरान एक्यूआई भी कम रहा। टीम के रवाना होते ही पुराने भोपाल में धूल के कण फिर बढ़ने लगे हैं। सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर में एक्यूआई 126 रिकॉर्ड हुआ। बीते एक सप्ताह से यह 100 के आसपास बना हुआ था। 25 मार्च को शहर का औसत एक्यूआई 134 रहा। अरेरा कॉलोनी में 125, कलेक्ट्रेट में 86 और टीटी नगर में 103 दर्ज किया गया। 31 मार्च को औसत एक्यूआई 136 रहा। अरेरा कॉलोनी में 118, कलेक्ट्रेट में 126 और टीटी नगर में 171 रिकॉर्ड हुआ। 30 मार्च को औसत एक्यूआई 148, 29 मार्च को 125, 28 मार्च को 135, 27 मार्च को 155 और 26 मार्च को 142 रहा। समिट के दौरान हवा की सेहत सुधरी थी। साफ-सफाई पर जोर दिया गया। पराली जलाने पर रोक लगी। ट्रैफिक मैनेजमेंट भी बेहतर किया गया था। राजधानी की हवा में बीते एक हफ्ते से लगातार उतार-चढ़ाव जारी है। एयर क्वालिटी इंडेक्स 125 से 155 के बीच झूल रहा है, जिससे साफ है कि शहर की हवा पूरी तरह से शुद्ध नहीं है। खास बात यह है कि शहर के अलग-अलग इलाकों में हवा की गुणवत्ता में बड़ा अंतर देखा जा रहा है।



टीटी नगर सबसे ज्यादा प्रदूषित इलाका बना हुआ है, जहां 31 मार्च को 171 तक पहुंच गया, जबकि अरेरा कॉलोनी की हवा सबसे साफ रही। विशेषज्ञों के अनुसार ठंड में एक्यूआई बढ़ता है। इस दौरान वाहनों से निकली हानिकारक गैसें वायुमंडल में ठहर जाती हैं। तापमान गिरने पर धूल और गैसें लंबे समय तक हवा में बनी रहती हैं।

## वेयर हाउसिंग की बोर्ड बैठक

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** वेयर हाउसिंग कॉर्पोरेशन की बोर्ड बैठक मंगलवार को राजधानी में होगी। इसमें कॉर्पोरेशन के गोदामों में रखे लगभग 6 हजार करोड़ के अनाज का बीमा करने के लिए प्रस्ताव रखा जाएगा। जानकारी के मुताबिक पहली बार बीमा ब्रोकर एजेंसी के माध्यम से करने का प्रस्ताव बना है। बीमा प्रीमियम भी बीते साल की तुलना में लगभग 4 गुना प्रस्तावित है। बीते अक्टूबर में अनाज का बीमा खत्म हो गया था। इसे भुगतान कर कॉर्पोरेशन द्वारा दो बार बढ़ाकर 28 फरवरी तक किया गया था। इसके बाद बीमा अवधि को नहीं बढ़ाया गया। कॉर्पोरेशन से मिली जानकारी के मुताबिक पहले टेंडर निकाले गए पर कम रेट पर भी प्रस्ताव फाइनल नहीं किया गया। बाद में ब्रोकर एजेंसी को जोड़ने का प्रस्ताव बना।

एजेंसी बीमा का पूरा प्रस्ताव बनाने में कॉर्पोरेशन की मदद करेगी ताकि नुकसान होने पर अधिक से अधिक मुआवजा मिल सके। वहीं, कॉर्पोरेशन के पुराने अधिकारियों का कहना है कि सरकारी निकाय में निजी एजेंसी को जोड़ने का औचित्य नहीं है। पहले भी जब क्लेम हुए हैं तो लगातार मुआवजा मिलता रहा है, कभी कोई दिक्कत नहीं रही।अक्टूबर के बाद दो बार बीमा कवर बढ़ाने के लिए 98 लाख का भुगतान पहले ही किया जा चुका है। कॉर्पोरेशन के एमडी अनुराग वर्मा ने कहा कि आईआरडीए के रेट बढ़ने से प्रीमियम वैसे ही दोगुना हो जाएगा।

जानकारी के मुताबिक साल 2024 में कॉर्पोरेशन ने 1.17 करोड़ में अनाज का बीमा कराया था। अगर 4 गुना प्रीमियम का प्रस्ताव पारित होता है तो लगभग 5 करोड़ प्रीमियम देना होगा। 2021 में प्रीमियम 9.14 करोड़ था पर कॉर्पोरेशन के गोदामों में घटते अनाज के बीच प्रीमियम भी घट गया।

साल 2022 में प्रीमियम 3.48 करोड़ तो 2023 में 1.61 करोड़ रह गया। बीमा कंपनी ब्रोकर फर्म को 15 से 25त्न कमीशन देती है जिसका भार भी कॉर्पोरेशन पर ही पड़ेगा।

## 13 अप्रैल से अभियान-आंबेडकर की राजनीतिक विरासत पर अब भाजपा की दावेदारी

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** कांग्रेस की 'जय बापू, जय भीम, जय संविधान यात्रा' के जवाब में भाजपा अब बड़ा अभियान शुरू कर रही है। अभियान के तहत भाजपा कार्याकर्ता दलित बस्तियों में जाएंगे और विचार गोष्ठियां आयोजित करेंगे। इसमें वे ये बताएंगे कि कांग्रेस ने कब-कब डॉ. भीमराव आंबेडकर का अपमान किया। 14 अप्रैल को आंबेडकर जयंती पर भाजपा के राष्ट्रीय नेता महू आ सकते हैं।

13 अप्रैल- भाजपा कार्यकर्ता बाबा साहब की प्रतिमाओं की सफाई, धुलाई व सजावट करेंगे। शाम को दीपोत्सव होगा।

14 अप्रैल- सभी नेता-कार्यकर्ता संविधान की प्रस्तावना का सार्वजनिक पाठ करेंगे। आंबेडकर की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण व मिठाई वितरण होगा। आंगनवाड़ी और स्कूलों की सफाई कर सामुदायिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

15-25 अप्रैल- दलित समाज के बीच विचार गोष्ठियां होंगी। इनमें डॉ. आंबेडकर के जीवन और भाजपा द्वारा दिए सम्मान पर चर्चा होगी।

# नशे के खिलाफ चल रहे पुलिस के अभियान को ठेंगा दिखा रहा कोरेक्स का बाजार, बदनाम हुईं शहर की गालियां



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** मध्य प्रदेश सरकार तथा रीवा पुलिस के द्वारा अवैध नशे के खिलाफ लगातार अभियान चलाए जा रहे हैं बावजूद इसके पुलिस के इस अभियान का जिले में कोई खास असर देखने को नहीं मिल रहा है तथा खुलेआम रीवा शहर के हर चौक चौराहे और गली गली इस अवैध नशीली कफ सिरप को लेकर बदनामी का दाग अपने सिर पर ढोए जा रहे हैं परंतु पुलिसिया अमला इस तरह के आपराधिक मामलों में कार्यवाही के लिए कोई इंटरेस्ट लेता भी नहीं दिख रहा बल्कि सामान्यतः एक दो स्थानों पर 2 सीसी, 8 सीसी, 12 सीसी और 17 सीसी जैसे छोटे से दिखावे मात्र की कार्यवाही कर वाहवाही में मस्त पड़ा है।

दरअसल वर्तमान में रीवा शहर के अधिकांश चौराहे और मोहल्ले केवल नशीली कफ सिरप की बिक्री के लिए ही जाने जाते हैं फिर चाहे सिविल लाइन थाना और सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में स्थित कबाड़ी मोहल्ले की बात हो या फिर कोतवाली थाना क्षेत्र के धोबिया टंकी इलाके की फिर चाहे समान थाना क्षेत्र में स्थित रतहरा मोहला हो या बाणसागर कालोनी, वही बिछिया थाना इलाके के भी कई मोहल्ले इस तरह की बदनामी का दंश झेल रहे हैं मगर पुलिसिया व्यवस्था तो महज आश्वासन और अभियान तक ही सीमित रहता है।

शहर के प्रबुद्धजनों का मानना है कि पुलिस की टीम आए दिन नशे पर अभियान तो ऐसे चलाती है जैसे अगले ही पल वह लाखों, करोड़ों का जखीरा बरामद कर उस चिन्हित स्थान में बिक रही नशीली सिरप को हमेशा के लिए, बैन लगा देंगे मगर धरातल में उन अभियानों को कागजों तक ही पाबंद रखा जाता है। और किसी चिन्हित स्थान में हमेशा से बिक रही नशीली सिरप को छोड़कर अन्यत्र स्थानों से 2, 4, 6 सीसी की कार्यवाही दिखाते हुए वाहवाही लूट ली जाती है।

लोग बताते हैं कि यहां विगत कई वर्षों से अक्सर भारी भरकम कुर्सियों को चलाने के लिए आने वाले अधिकारियों के द्वारा शुरुआत में जो दावे किए जाते हैं वह दावे बाद में सरकारी वादे की भांति ही अधर पर लटके रहते हैं जैसा कि विगत 2 साल पहले रीवा का प्रभार संभालने से पहले वर्तमान एसपी महोदय ने भी किया था वही यहां से जा चुके अन्य कई एसपी और आईजी स्तर के अधिकारियों ने किया है। अभी हालही में रीवा रेंज की कमान संभालने वाले आईजी ने भी ऐसा ही कुछ दावा किया लेकिन उनके रहते हुए, जिस तरह से धड़ल्ले से नशे की बिक्री हो रही है उसे देखकर पुलिसिया अमला सुस्त ही माना जाए तो गलत नहीं होगा क्योंकि उनके पदभार संभालने के बाद भी अब तक आपराधिक मामलों में महज इजाफा ही हुआ है तथा कोई नशे की खास कार्यवाही नहीं हुई है।

आपको बता दें नशीली कफ सिरप यानी कोरेक्स जिसे आमतौर पर लोग खांसी की दवाई के रूप में लेते हैं मगर रीवा में इसका प्रचलन नशे के रूप में हो गया है जिसके कारण जिला प्रशासन ने यहां की मेडिकल दुकानों में इसकी बिक्री पर प्रतिबंध लगाया है मगर नशे के शौकीन लोग जब मेडिकल दुकानों में इसे प्राप्त नहीं कर सके तो खुद ही कोरेक्स के सौदागर बन अवैध तरीके से इस नशीली सिरप की बिक्री करना शुरू कर दिया और अब रीवा के कुछ चुनिंदा इलाके कोरेक्स के ब्लैक मार्केट का गढ़ बन गए हैं यहां पर वर्षों से कोरेक्स की गंदगी फल फूल रही है परंतु इस गंदगी को साफ करने में अब तक जिम्मेदार प्रशासन नाकामयाब ही साबित हुआ है। जिसके चलते रीवा जिले का बच्चा बच्चा अवैध तरीके से मिल रही इस सिरप का सेवन कर नशे का आदी बन रहा है।

एक ओर जहां रीवा के गली मोहल्ले नशीली सिरप के अवैध कारोबार का मुख्य केंद्र बिंदु बने हुए है वहीं शहर में पनप रही इस गंदगी में राजनेता के साथ ही कुछ चुनिंदा पुलिसकर्मी और कथित पत्रकार भी गोते लगा रहे हैं तथा भाजपा, कांग्रेस के नेताओं का संरक्षण प्राप्त कर यहां के लोग लगातार कोरेक्स का गोरखधंधा समूचे जिले में प्रसारित कर रहे हैं। जिसके चलते पुलिस भी इस गंदगी को साफ करने से बचती रहती है क्योंकि अगर पुलिस की टीम कोई कार्यवाही करती तो राजनेताओं और कथित पत्रकारों के द्वारा उसमें भी अपनी राजनीति डालने में कोई कमी नहीं की जाएगी।

## प्रभारी मंत्री प्रवेशोत्सव में शामिल

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास राज्यमंत्री और मैहर जिले की प्रभारी मंत्री श्रीमती राधा सिंह के मुख्यातिथ्य में मंगलवार को मैहर जिले के पी.एम.श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मैहर में प्रवेशोत्सव कार्य₹ म का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रभाती मंत्री ने प्रवेशोत्सव के तहत छात्राओं का तिलक पुष्पवर्षा कर स्वागत किया एवं उत्कृष्ठ छात्राओं को मेडल से सम्मानित किया गया। प्रभारी मंत्री छात्र-छात्राओं को पुस्तक वितरण की गई। इस मौके पर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी, कलेक्टर रानी बाटड़, जिलाध्यक्ष कमलेश सुहाने, नगर पालिका उपाध्यक्ष शीतल नितिन ताम्रकार, विकास तिवारी, कुलदीप तिवारी, नितिन ताम्रकार सहित जनप्रतिनिधि एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## मैहर में ली अधिकारियों की समीक्षा बैठक

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास राज्यमंत्री और मैहर जिले की प्रभारी मंत्री श्रीमती राधा सिंह ने मंगलवार को मैहर जिले के प्रवास के दौरान सर्किट हाउस में विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर मैहर जिले में चल रहे विकास कार्यों की विस्तृत जानकारी ली। इस दौरान प्रभारी मंत्री ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी, जिला अध्यक्ष कमलेश सुहाने, कलेक्टर रानी बाटड, पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल, जिला पंचायत सीईओ संजना जैन, एसडीएम विकास सिंह, सीएसपी राजीव पाठक, थाना प्रभारी अनिमेष द्विवेदी सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## भविश्य से भेंट कार्यक्रम आज

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** म.प्र. शासन स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार स्कूल चले अभियान अंतर्गत 2 अप्रैल 2025 को शालाओं में भविष्य से भेंट कार्य₹ म आयोजित होगा। जिसमें जिले के अधिकारियों द्वारा किसी एक शाला में जाकर बच्चों के साथ संवाद स्थापित कर उत्साहवर्धन किया जायेगा। कलेक्टर सतना डॉ. सतीश कुमार एस ने जिले के 102 प्रथम एवं द्वितीय श्रेणी के अधिकारियों को शालायें आवंटित की है। जारी आदेश के अनुसार संबंधित अधिकारी 2 अप्रैल 2025 को आवंटित शाला में एक कालखण्ड बच्चों के साथ संवाद स्थापित कर उनका उत्साहवर्धन करना सुनिश्चित करेंगे।

## मैहर में जनसुनवाई में आये 37 आवेदन

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** कलेक्टर मैहर रानी बाटड के निर्देशन में मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय मैहर के सभागार में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह ने जिले के विभिन्न अंचलों से प्राप्त 37 आवेदनों पर सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारी को निराकरण करने के निर्देश दिए। इस मौके पर विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## कलेक्ट्रेट में हुआ गीत वंदे मातरम

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** अप्रैल माह के प्रथम शासकीय कार्य दिवस पर मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में डिप्टी कलेक्टर एलआर जांगडे सहित अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा सामूहिक रुप से राश्ट्रीय गीत वंदे मातरम तथा राश्ट्रगान जन-गण-मन का गायन करने के उपरांत कार्यालयीन काम की षुरूआत की गई। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## कलेक्ट्रेट मैहर में वंदेमातरम गायन हुआ

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** माह के प्रथम दिन वन्देमातरम से कार्य दिवस शुरू करने के ₹ म में कलेक्ट्रेट मैहर में अपर कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह सहित अधिकारी-कर्मचारी द्वारा सामूहिक रूप से वंदे मातरम का गायन कर काम काज की शुरूआत की गई।

## किया जा रहा बांधों की मरम्मत का कार्य

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आह्वान पर शुरू किया गया जल गंगा संवर्धन अभियान 30 मार्च से 30 जून तक चलाया जा रहा है। कार्यपालन यंत्री जल संसाधन आरके वर्मा ने बताया कि इसके तहत जल संसाधन संभाग सतना द्वारा वृहद स्तर पर बांधों एवं नहरों के साफ़सफ़ाई का कार्य किया जा रहा है। इन कार्यों में बांधों की पिचिंग, बोल्डर टो तथा घाट आदि के मरम्मत का कार्य शामिल है। अभियान में सभी अनुविभागीय अधिकारियों, उपयंत्रियों तथा मैदानी अमले द्वारा सहभागिता सुनिश्चित की जा रही है।

## राज्यमंत्री कृष्णा गौर आज मैहर आयेंगी

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** पिछडा वर्ग एवं अल्प संख्यक कल्याण, विमुक्त घुमन्तु और अर्धघुमन्तु कल्याण विभाग (स्वतंत्र प्रभार) राज्यमंत्री श्रीमती कृष्णा गौर 2 अप्रैल को प्रातः 5.40 बजे रेवांचल एक्सप्रेस से मैहर आयेंगी। निर्धारित कार्य₹ म के अनुसार राज्यमंत्री श्रीमती कृष्णा गौर प्रातः 9 बजे मां शारदा देवी के दर्शन एवं पूजन-अर्चन कर स्थानीय कार्य₹ म में शामिल होंगी। इसके बाद राज्यमंत्री श्रीमती कृष्णा गौर रात्रि 9.20 बजे मैहर रेल्वे स्टेशन से रेवांचल एक्सप्रेस द्वारा भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगी।

## रोजगार मेला आज अमरपाटन में

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** शासकीय आईटीआई एवं रोजगार कार्यालय सतना द्वारा 21 मार्च से 3 अप्रैल 2025 तक सतना एवं मैहर जिले में स्थित समस्त आईटीआई में एसआईएस सिक्योरिटी सर्विस का एकदिवसीय प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जायेगा। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि 2 अप्रैल को शासकीय आईटीआई रामनगर एवं 3 अप्रैल 2025 को जिला रोजगार कार्यालय सतना में प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जायेगा। सिक्योरिटी गार्ड/सुपरवाइजर पद हेतु आयु 19 से 40 वर्ष तथा योग्यता 10वीं या 12वीं उत्तीर्ण बेरोजगार आवेदक अपने मूल रिकार्ड के साथ निर्धारित स्थान पर उपस्थित हो सकते हैं। विस्तृत जानकारी राहुल साहू मो. 9131557489 पर संपर्क कर प्राप्त की जा सकती है।

## अवशेष या नरवाई जलाने पर प्रतिबंध

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** नरवाई से आग लगने की होने वाली घटनाओं, सार्वजनिक सम्पत्ति की सुरक्षा और पर्यावरणीय क्षति को रोकने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट डॉ. सतीश कुमार एस ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत आदेश जारी कर सतना जिले की चतुर्दिक राजस्व सीमा में फ़सल अवशेष, नरवाई को जलाने पर प्रतिबंध लगा दिया है।

# राजस्व पुस्तक परिपत्र के अन्तर्गत सहायता हेतु निर्देश

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-(4) में आरसीएमएस पोर्टल पर निर्धारित शीर्ष के अनुरूप सहायता के निर्देश जारी किये गये है। कलेक्टर प्रतिभा पाल ने समस्त एसडीएम व तहसीलदार को निर्देशित किया है कि राजस्व पुस्तक परिपत्र के प्रकाशित शीर्ष में प्रकरणों को दर्ज कर कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करें।

उन्होंने बताया कि शीर्ष क्रमांक ब-128 (1) फसल हानि के लिए आर्थिक सहायता, ब-128 (2) फसल पेड़ उन पर लगी फसलों/पान बरेजे आदि की हानि के लिए आर्थिक सहायता, ब-128 (3) फसलों पर कीड़ प्रकोप से हुई हानि के लिए आर्थिक सहायता, ब-128 (4) राजस्व एवं वन ग्रामों में वन प्राणियों द्वारा फसल हानि के लिए आर्थिक सहायता, ब-128 (5) बाढ़ की स्थिति में कृषि योग्य भूमि पर रेत आने से सहायता, ब-128 (6) पशु/पक्षी हानि के लिए, ब-128 (7) नष्ट हुए मकानों के लिए आर्थिक सहायता, ब-128 (8) कपड़ा/बर्तन एवं खाद्यान्न की क्षति के लिए आर्थिक सहायता, ब-128 (9) मृत व्यक्ति के परिवार/निकटतम वारिस को आर्थिक सहायता 1. नैसर्गिक विपत्तियोंअर्थात तूफान, भूकम्प, बाढ़, अतिवृष्टि, ओलावृष्टि, भूस्खलन, आकाशीय बिजली गिरने अथवा आग लगने से 2. सर्प गुहेरा या जहरीले जंतु के कटने से 3. बस व अन्य अधिकृत वाहन नदी या जलाश्य में गिरने से जल हानि 4. पानी में डूबने अथवा नाव दुर्घटना से जन हानि प्रस्तावित है।

इसी प्रकार शीर्ष क्रमांक ब-128 (10) शारीरिक अंग हानि के लिए आर्थिक सहायता, ब-128 (11) घायल होने पर आर्थिक सहायता, ब-128 (12) गंभीर शारीरिक क्षति जिसमें व्यक्ति एक सप्ताह से अधिक अस्पताल में भर्ती रहा हो, ब-128 (13) लावारिस शव के अंतिम संस्कार के लिए सहायता, ब-128 (14) मृत पशुओं के निवर्तन की व्यवस्था, ब-128 (15) कुम्हार के भट्टे में ईंट तथा खपरे बरबाद होने पर आर्थिक सहायता, ब-128 (16) बुनकरों/हस्त शिल्पियों को दी जाने वाली सहायता, ब-128 (17) अग्नि या बाढ़ से प्रभावित दुकानदारों को सहायता, ब-128 (18) अस्थायी राहत कैम्पों में निः शुल्क रहने एवं भोजन की व्यवस्था, ब-128 (19) बाढ़ तथा तूफान से प्रभावित मछुआरों को दी जाने वाली आर्थिक सहायता, ब-128 (20) कुंए या नलकूप नष्ट होने पर दी जाने वाली सहायता, ब-128 (21) बैलगाड़ी या अन्य कृषि उपकरण नष्ट होने पर आर्थिक सहायता, ब-128 (22) सड़क दुर्घटना में घायल/मृत्यु होने पर आर्थिक सहायता, ब-128 (23) मुख्यमंत्री सहायता कोष तथा ब-128 (24) मुख्यमंत्री कृषिक कल्याण सहायता के प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही करें।

कलेक्टर ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6 (4) के समस्त प्रकरण आरसीएमएस पोर्टल पर अनिवार्यत उपरोक्त मदों में ही दर्ज करने, पूर्व से प्रचलित प्रकरणों को यथाशीघ्र निराकृत कर नए प्रकरण अन्य किसी शीर्ष में दर्ज न किए जाने के निर्देश दिये है। राजस्व पुस्तक परिपत्र 6 (4) के अंतर्गत समस्त प्रकरण स्वीकृति हेतु सक्षम प्राधिकारी के न्यायालय में ही पंजीकृत किए जाएँ। आवश्यकतानुसार अधीनस्थ अधिकारी से प्रतिवेदन लिया जा सकता है, किंतु किसी भी परिस्थिति में अधीनस्थ न्यायालय में प्रकरण दर्ज न किए जाएँ। राजस्व पुस्तक परिपत्र 6 (4) अंतर्गत प्रकरणों का निराकरण म.प्र. लोक सेवा गारंटी अधिनियम 2010 में अधिसूचित सेवाएँ है जिनका निर्धारित समयावधि तीस दिवस में निराकरण अनिवार्य है। उक्त प्रकरणों में समय - सीमा बाह्य होने की स्थिति में नियमानुसार पेनेल्टी अधिरोपित की जा सकेगी व बहुतोशी प्रकरणों में लापरवाही परिलक्षित होने की स्थिति में अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर ने बताया कि राजस्व पुस्तक परिपत्र 6(4) के समस्त स्वीकृत प्रकरणों में पारित अंतिम आदेश के उपरंत आदेश पात्रिका में नायब नाजिर/राहत राशि भुगतान प्रभारी की पालन टीप अंकित कर वाउचर की प्रति प्रकरण में संलग्न करने के उपरांत ही प्रकरण को समाप्त किया जाएगा।

### सीएम राइज में जिलास्तरीय प्रवेशोत्सव कार्यक्रम सम्पन्न

# विधायक ने तिलक लगाकर नवप्रवेशी छात्राओं का किया स्वागत, नि:शुल्क पाठ्यपुस्तकों का वितरण

### गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाएं सरकार की प्राथमिकता





**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले के सभी विद्यालयों में स्कूल चले हम अभियान के तहत प्रवेशोत्सव कार्य₹ म सम्पन्न हुआ। जिला स्तरीय कार्य₹ म सीएम राइज शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सीधी में विधायक सीधी रीती पाठक के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया। कार्य₹ म की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू सिंह द्वारा की गई। कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्य₹ म में सबसे पहले माँ सरस्वती को पुष्प माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर स्वस्ति वाचन किया गया। विधायक सहित अतिथियों द्वारा नवप्रवेशी छात्राओं को तिलक लगाकर उनका विद्यालय में स्वागत किया गया तथा निरूशुल्क पाठ्यपुस्तक छात्राओं को प्रदान की गई।

विधायक श्रीमती पाठक ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाएं सरकार की प्राथमिकता है। शासकीय विद्यालयों में सरकार द्वारा सुविधाओं का निरंतर विस्तार किया जा रहा है। आज अभिभावक निजी स्कूलों के स्थान पर शासकीय विद्यालयों को प्राथमिकता दे रहे हैं। विधायक ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि शासन स्तर से बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। निःशुल्क गणवेश, पाठ्यपुस्तक, साइकिल के साथ छात्रवृत्ति भी प्रदान की जाती है। बच्चों को अच्छे अंक से उत्तीर्ण होने पर स्कूटी और लैपटाप प्रोत्साहन स्वरूप प्रदान किया जाता है। विधायक ने छात्राओं को मन लगाकर पढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया जिससे वह देश की एक जिम्मेदार नागरिक बन अपने परिवार और जिले का नाम रोशन करें। विधायक ने कक्षा 5वीं व 8वीं के अच्छे परीक्षा परिणाम पर छात्रों एवं शिक्षकों को शुभकामनाएं दी।

कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी ने बच्चों को समय का सदुपयोग करते हुए अनुशासित रहकर शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। कलेक्टर ने कहा कि विद्यार्थी जीवन आपके भविष्य की नींव तैयार करता है। आपके द्वारा आज की गई मेहनत आपको भविष्य में सुखद परिणाम देगी। पूरी ईमानदारी एवं समर्पण से शिक्षा प्राप्त करें। साथ ही विद्यालय की खेलकूद एवं अन्य गतिविधियों में भी सहभागिता करें।

कार्य₹ म में जिला शिक्षा अधिकारी ने सभी अतिथियों का स्वागत किया तथा जिला परियोजना समन्वयक ने विभाग की गतिविधियों की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। आभार प्रदर्शन विद्यालय के प्राचार्य श्री सुभाष पटेल ने किया।

इस अवसर पर पार्षद पूनम सोनी, विश्वबंधु धर द्विवेदी, पुनीत नारायण शुक्ला, पंकज पाण्डेय, राजेश द्विवेदी, पुष्पराज सिंह सहित विद्यालय के शिक्षक गण, छात्राएं उपस्थित रहे।

### शिक्षा महाविद्यालय में राष्ट्रीय शोध कार्यशाला

# दार्शनिक अनुसंधान में प्रदत्त संकसन के लिए होता है प्राथमिक ग्रोत का उपयोग : प्रो.डीएन सनसनवाल



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** शिक्षा महाविद्यालय रीवा में विकसित भारत अभियान अंतर्गत राष्ट्रीय शोध कार्यशाला 24 मार्च से 3 अप्रैल तक आयोजित है। इस राष्ट्रीय शोध कार्यशाला में विषय विशेषज्ञ के रूप में अंतर्राष्ट्रीय शिक्षाविद प्रो. दयानंद सनसनवाल उपस्थित हैं। प्रो. सनसनवाल भारत के अतिरिक्त ब्रिटेन, जर्मनी, हॉलैंड, स्वीटजरलैंड, कनाडा, नाइजीरिया, थाईलैंड, बीन, मलेशिया एवं संयुक्त राज्य अमेरिका के विभिन्न विश्वविद्यालयो में सेमिनार, संगोष्ठी एवं कार्यशाला में सहभागिता कर चुके हैं। विभिन्न प्रतिष्ठित भारतीय एवं विदेशी पत्रिकाओं में उनके शोध आलेख प्रकाशित हो चुके हैं। डॉ. सनसनवाल ने बताया कि शोध की दो मुख्य पद्धतियाँ हैंः मात्रात्मक और गुणात्मक। तीसरी पद्धति, जो इन दोनों का संयोजन है, शोध निष्कषों को बेहतर बनाने और प्रमाणित करने के तरीके के रूप में स्वीकार्यता प्राप्त कर रही है। डॉ. सनसनवाल ने कार्यशाला में सामान्य प्रायिकता वक्र, कार्ल पियरसन प्रोडक्ट मोमेंट सहसंबंध विधि, टी टेस्ट, वन वे एनोवा के लिए एसपीएसएस के द्वारा आंकड़ों के विश्लेषण के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। शिक्षा और मनोविज्ञान में जिन गुणों का मापन किया जाता है उसका वितरण सामान्य संभाव्यता वक्र के रूप में होता है। इसका अर्थ है कि बड़े न्यादर्श अथवा जनसंख्या के व्यावहारिक गुणों का मापन करके उसके आवृत्ति वितरण के लिए ग्राफ की रचना की जाए तो उसकी आकृति सामान्य वक्र या मंदिर के घंटे के आकार की होती है। सामान्य वक्र के मध्यमान, मध्यांक और बहुलक मान समान होते हैं। एसपीएसएस वर्णनात्मक और द्विचर सांख्यिकी, श्रेणीबद्ध परिणाम पूर्वानुमान और रैखिक प्रतिगमन, उत्तरजीविता विश्लेषण और दो-चरणीय न्यूनतम वर्ग प्रतिगमन जैसी उन्नत सांख्यिकीय तकनीकों के लिए डेटा विश्लेषण के लिए अत्यंत उपयोगी है। यह उपयोगकर्ताओं को डेटा विश्लेषण करने में मदद करने के लिए सुविधाएँ भी प्रदान करता है। इसका उपयोग करके सांख्यिकीय प्रदत्तो का विश्लेषण सरलता से एवं त्रुटि रहित तरीके से किया जा सकता है। प्रदत्त का विस्तार जितना अधिक होगा मानक विचलन मान के मध्यमान से अधिक होने की संभावना उतनी ही अधिक होगी। उन्होंने यूजीसी नेट की तैयारी कर रहे परीक्षार्थियों को परीक्षा के प्रश्नों के पैटर्न एवं उनके हल करने के तरीकों, तर्कशक्ति योग्यता पर महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की।

शोध कार्यशाला में मध्यप्रदेश भोज मुक्त विश्वविद्यालय, भोपाल के सेवानिवृत्त प्राध्यापक डॉ. आर. एस. पाण्डेय प्राचार्य डॉ. आर. एन पटेल, प्रो. एन. के सिंह, डॉ. पी. एन. मिश्र, डॉ. दीपा अग्निहोत्री, डॉ. संजीव तिवारी, डॉ. उमेश पाण्डेय, डॉ. तृमी श्रीवास्तव, डॉ. मनोज शुक्ला, डॉ. गीता पालीवाल, डॉ. सुषमा मिश्रा, डॉ. प्रियंका द्विवेदी, डॉ अनूप पाण्डेय, डॉ. माया मिश्रा, डॉ. प्रतिभा शुक्ला, डॉ स्मिता अग्निहोत्री, सुचिता शर्मा, रेखा त्रिपाठी, रीना मिश्रा, इकलेश तिवारी, नीलम मिश्रा, संध्या गौतम, रोशन लाल पटेल, धीरज कुमार नामदेव, सतोष यादव, चंद्रप्रकाश सहित अनेक विश्वविद्यालवील शोधार्थ।

## कार्यालय नगर पालिक निगम रीवा, जिला- रीवा (म.प्र.)

//अनाधिकृत कालोनी विकास के संबंध में सार्वजनिक सूचना //

क्रमांक 313/निर्माण/न.पा.नि./2025 — रीवा, दिनांक 28.03.2025

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिक निगम रीवा द्वारा अनाधिकृत रूप से नियमित की जा रही अवैध कालोनियों के विरूद्ध म.प्र. नगर पालिका (कालोनी विकास) नियम 2021 में वर्णित प्रावधान कण्डिका 22 के तहत अवैध कालोनी निर्माणकर्ता के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही की जा रही है। अतः निम्न अनाधिकृत रूप से विकसित की जा रही कालोनियों में क्रय किये गये भूखण्ड, कोई अन्तरण हेतु किसी भी प्रकार का करारनामा शून्य होगा। निम्न भूखडों में कोई क्रय/विक्रय किया जाना दण्डनीय अपराध माना जावेगा।

| क्र. | वार्ड क्र. मोहल्ला | अवैध कालोनाइजर का नाम/पता | ग्राम/पट्वारी/तहसील/हल्का | आराजी | कुल रकबा |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 02 निपनिया | 1- रीवा टाउनसिप कालोनाईजर प्रा.लि. डायरेक्टर श्री अनस अंसारी एवं मो अलमीन श्री 2- श्रीकान्त पाण्डेय, श्री रामाकान्त पाण्डेय, लक्ष्मीकान्त पाण्डेय पिता श्री सिद्धमणि प्रसाद पाण्डेय 3- श्री सतीश कुमार पाण्डेय नागेन्द्र प्रसाद पाण्डेय, मनोज कुमार पाण्डेय, रजनीश पाण्डेय, विवेक पाण्डेय, कृष्णमूर्ति पाण्डेय पिता संतशरण पाण्डेय पता-वार्ड 02 निपनिया रीवा (म.प्र.) | निपनिया | खसरा क्रमांक 1293/1/1/1/1 (S) जुज रकवा 1.0470 हेक्टेयर भूमि स्वामी श्रीकांत पाण्डेय रमाकांत पाण्डेय लक्ष्मीकांत पाण्डेय पिता सिद्धमणि प्रसाद पाण्डेय, भूमि खसरा क्रमांक 1293/1/1/1/2 (S) जुज रकवा 0.2500 हेक्टेयर भूमि स्वामी श्री सतीश कुमार पांडेय पिता संतशरण पांडेय, भूमि खसरा क्रमांक 1293/1/1/1/3 (S) जुज रकवा 0.0150 हेक्टेयर भूमि स्वामी श्री सतीश कुमार पांडेय पिता संतशरण पांडेय भूमि खसरा क्रमांक 1293/1/1/2 (S) जुज रकवा 0.0180 हेक्टेयर भूमि स्वामी श्री सतीश कुमार पांडेय पिता संतशरण पांडेय भूमि खसरा क्रमांक 1293/1/2 (स) जुज रकवा 0.8100 हेक्टेयर भूमि स्वामी श्री श्रीकांतपाण्डेय रमाकांतपाण्डेय लक्ष्मीकांतपाण्डेय पिता सिद्धमणि प्रसाद भूमि खसरा क्रमांक 1293/2/1 (S) जुज रकवा 0.3650 हेक्टेयर भूमि स्वामी श्री नागेंद्र प्रसाद पाण्डेय पिता स्व संतशरण पाण्डेय भूमि खसरा क्रमांक 1293/2/2 (S) जुज रकवा 0.3130 हेक्टेयर भूमि स्वामी श्री सतीश कुमार पाण्डेय पिता स्व संतशरण पाण्डेय भूमि खसरा क्रमांक 1293/2/3/1 (S) जुज रकवा 0.3290 हेक्टेयर भूमि स्वामी श्री मनोज कुमार पाण्डेय पित्ता स्व संतशरण पाण्डेय भूमि खसरा क्रमांक 1293/2/4 (S) जुज रकवा 0.3440 हेक्टेयर भूमि स्वामी श्री रजनीश पाण्डेय पिता स्व संतशरण पाण्डेय भूमि खसरा क्रांक 1293/2/5 (S) जुज रकवा 0.3490 हेक्टेयर भूमि स्वामी श्री विवेक पाण्डेय पिता स्व. संतशरण पाण्डेय भूमि खसरा क्रमांक 1293/2/6 (S) जुज रकवा भूमि स्वामी श्री कृष्णमूर्ति पाण्डेय पिता स्व संतशरण पाण्डेय | जुज रकवा 2.188 है. |

उपरोक्तानुसार सर्व साधारणं एवं भूमि स्वामी अवगत होकर सूचित हों।

कार्यपालन यंत्री हेतु आयुक्त
नगर पालिक निगम रीवा (म0प्र0)
रीवा, दिनांक 22/3/25

# विचार

## भारत देश में 1 अप्रैल से लागू होंगे कई बड़े बदलाव

एक अप्रैल दो हजार पच्चीस से नए वित्तीय वर्ष यानी टैक्स ईयर की शुरुआत होगी, इसलिए इस दिन से होने वाले कतिपय बड़े बदलावों का असर आपकी जेब पर पड़ने वाला है। चूंकि इन बदलावों से आपकी आर्थिक स्थिति से लेकर रसोई घर तक प्रभावित होने वाली है। लिहाजा आपको इस बारे में पूरी जानकारी होनी चाहिए। बताया गया है कि एक अप्रैल यानी अप्रैल फूल दिवस से होने वाले विभिन्न बदलावों का असर आपके बैंक खाते से लेकर रसोई घर में इस्तेमाल होने वाले एलपीजी सिलेंडर की कीमतों तक पर पड़ने वाला है। इतना ही नहीं, यदि आप एसबीआई समेत अन्य बैंकों के क्रेडिट कार्ड को यूज करते हैं, तो इससे जुड़े नियमों में भी परिवर्तन लागू होने वाला है। पहला, चूंकि हर महीने की शुरुआत देश में कई बड़े वित्तीय परिवर्तन के साथ होती है, इसलिए नये वित्त वर्ष यानी टैक्स ईयर के रूप में शुरू हो रहे अप्रैल महीने की पहली तारीख यानी 1 अप्रैल 2025 की शुरुआत भी कई बड़े बदलावों के साथ होने जा रही है। आप जानते हैं कि प्राय: हर महीने की पहली तारीख को ऑयल एंड गैस डिस्ट्रिब्यूशन कंपनियां एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में संशोधन करती हैं। इसलिए 1 अप्रैल, 2025 को भी इनमें बदलाव देखने को मिल सकता है। बीते कुछ समय में जहां 19 किलोग्राम वाला एलपीजी सिलेंडर की कीमतों घट-बढ़ देखने को मिली है, वहीं लंबे समय से रसोई गैस सिलेंडर की कीमतें यथावत बनी हुई हैं। ऐसे में नए वित्त वर्ष की शुरुआत के साथ लोगों को 14 किलोग्राम वाले सिलेंडर की कीमतों में राहत भरे बदलाव की उम्मीद है। इसके अलावा सीएनजी और पीएनजी की कीमतों के अतिरिक्त एयर टर्बाइन फ्यूल यानी एटीएफ (ॠस्र) के भाव में भी संशोधन किया जाता है। इस प्रकार सीएनजी की कीमतों में उतार-चढ़ाव से जहां आपके वाहन पर होने वाले खर्च में इजाफा होगा या राहत मिलेगी, वहीं एटीएफ की कीमतों में बढ़ोतरी से हवाई यात्रा और भी अधिक महंगी हो सकती है। दूसरा, 1 अप्रैल 2025 से क्रेडिट कार्ड के नियमों में भी बदलाव हो रहा है, जो इन पर मिलने वाले रिवॉर्ड से लेकर अन्य सुविधाओं पर असर डालेंगे। जहां एक ओर एसबीआई अपने सिम्पली क्लिक क्रेडिट कार्ड पर स्विगगी रिवॉर्ड को 5 गुना से घटाकर आधा कर देगा, वहीं दूसरी ओर एयर इंडिया सिग्नेचर पॉइंट्स को 30 से घटाकर 10 कर किया जाएगा। इसके अलावा, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक क्लब विस्तारा माइलस्टोन के फायदे बंद करने वाला है। तीसरा, अप्रैल महीने की पहली तारीख से भारतीय स्टेट बैंक और पंजाब नेशनल बैंक समेत अन्य कई बैंक ग्राहकों के सेविंग अकाउंट में मिनिमम बैलेंस से जुड़े नियम संशोधित करने जा रहे हैं। लिहाजा, बैंक द्वारा खाताधारक के मिनिमम बैलेंस के लिए सेक्टर वाइज आधार पर नई लिमिट तय होगी और न्यूनतम बैलेंस खाते में न होने की स्थिति में फाइन लगाया जा सकता है।

# मुयालय के साथ ही दीक्षाभूमि का दौरा कर मोदी ने गजब का राजनीतिक संतुलन साधा

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नागपुर यात्रा के दौरान आरएसएस मुयालय स्थित हेडगेवार स्मृति मंदिर का दौरा कर नया इतिहास रच दिया योंकि संघ के 100 वर्षों के इतिहास में दूसरी बार देश का कोई प्रधानमंत्री राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मुयालय पहुँचा था। हम आपको याद दिला दें कि तत्कालीन प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी ने वर्ष 2000 में अपने तीसरे कार्यकाल के दौरान नागपुर में संघ मुयालय का दौरा किया था। संयोग देखिये कि मोदी भी अपने तीसरे कार्यकाल के दौरान ही संघ मुयालय पहुँचे। मोदी के संघ मुयालय के दौरे पर जहां विपक्ष बौखला रहा है वहीं इस यात्रा ने आरएसएस के भीतर भी कई लोगों को सुखद आश्चर्य में डाल दिया है।**



वैसे कुल मिलाकर मोदी की इस यात्रा को भाजपा और आरएसएस द्वारा आपसी मतभेद दूर करने और एकजुट होने के प्रयास के रूप में देखा जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से नागपुर में अपने संबोधन के दौरान आरएसएस की भरपूर प्रशंसा को अपने वैचारिक मार्गदर्शक के प्रति भाजपा के रुख में आये बदलाव के रूप में देखा जा रहा है। हम आपको याद दिला दें कि पिछले साल लोकसभा चुनावों के दौरान भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा था कि भाजपा उस समय से आगे बढ़ चुकी है जब उसे आरएसएस की जरूरत थी और अब वह 卐सक्षम卐 है तथा अपने काम खुद करती है। नड्डा की इस टिप्पणी से संघ कार्यकर्ताओं में रोष उत्पन्न हो गया था और लोकसभा चुनावों के दौरान भाजपा और आरएसएस के बीच दूरी देखी गयी थी जिसका नुकसान भाजपा को लोकसभा में बहुमत गंवा कर उठाना पड़ा था।

हालांकि लोकसभा चुनाव परिणाम के बाद भाजपा ने संघ के साथ संबंधों में सुधार किया जिसके चलते पार्टी को हरियाणा, महाराष्ट्र और दिल्ली में विधानसभा चुनावों में जोरदार जीत मिली थी। दूसरी ओर, संघ और भाजपा के बीच मतभेदों को दोनों ही संगठनों के नेता नकारते हैं और कहते हैं कि ऐसी बातें वही लोग करते हैं जो भाजपा और संघ को नहीं समझते हैं। वैसे जानकारों का यह भी कहना है कि संघ को मुख्य आपत्ति इस बात पर थी कि भाजपा एक व्यक्ति केंद्रित पार्टी बनती जा रही है।

हम आपको याद दिला दें कि साल 2014 के बाद मोदी ब्रांड राजनीति के तहत भाजपा सारे चुनाव लड़ती रही है। लोकसभा चुनावों के बाद भाजपा ने अन्य नेताओं को भी आगे बढ़ाया है और आने वाले समय में दूसरी पंक्ति के कई और नेताओं को बड़ी भूमिकाएं मिलने जा रही हैं। वैसे, आरएसएस के शताब्दी समारोह और बेंगलुरु में भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक से पहले प्रधानमंत्री की नागपुर यात्रा इस मायने में भी महत्वपूर्ण है कि भाजपा जल्द ही अपने नये राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव करने वाली है। हालांकि हाल ही में संघ की ओर से स्पष्ट किया गया था कि उसके सभी आनुषांगिक संगठन अपने कार्यों के बारे में स्वतंत्र रूप से निर्णय लेते हैं लेकिन हमें यह भी ध्यान रखना होगा कि साल 2009 के लोकसभा चुनावों में भाजपा की करारी हार के बाद मोहन भागवत के हस्तक्षेप के बाद ही लालकृष्ण आडवाणी युग समाप्त हुआ था और मोदी आगे लाये गये थे। साल 2024 के लोकसभा चुनावों में भाजपा के खराब प्रदर्शन के बाद मोहन भागवत की कुछ टिप्पणियों को पार्टी नेतृत्व और प्रधानमंत्री मोदी की सीधी आलोचना के रूप में भी देखा गया था। इसलिए ऐसा हो नहीं सकता कि भाजपा अपने नये अध्यक्ष के नाम पर बिना संघ प्रमुख से चर्चा किये बिना फैसला कर ले। हम आपको यह भी बता दें कि पूर्व प्रधानमंत्रियों और वरिष्ठ भाजपा नेताओं ने पूर्व में सावधानी बरतते हुए सरकार और संघ के बीच अंतर सुनिश्चित किया लेकिन मोदी चूंकि खुद संघ के प्रचारक रहे हैं इसलिए वह संघ की तारीफ करने में नहीं चूकते। हाल ही में तीन बड़े मौके आये जब मोदी ने अपने जीवन को सही मार्गदर्शन देने के लिए संघ का आभार जताया और इस सबसे बड़े स्वयंसेवी संगठन की भरपूर प्रशंसा की। प्रधानमंत्री ने नागपुर में भी आरएसएस को एक ऐसे संगठन के रूप में संदर्भित किया जिसने समर्पण और सेवा के उच्चतम सिद्धांतों को कायम रखा। साथ ही उन्होंने संघ की राष्ट्र निर्माण और विकास में रचनात्मक भूमिका को रेखांकित करके अपनी 2047 तक विकसित भारत की योजनाओं में संघ की भूमिका के महत्व को भी दर्शाया है। प्रधानमंत्री मोदी ने प्रयागराज में हाल ही में संपन्न महाकुंभ मेले में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए भी स्वयंसेवकों को श्रेय दिया था। इसके अलावा, हाल ही में केंद्र सरकार द्वारा सरकारी कर्मचारियों पर आरएसएस द्वारा की जाने वाली सामाजिक गतिविधियों में भाग लेने पर लगाए गए प्रतिबंध को भी हटा दिया गया था। यही नहीं, जिस तरह भाजपा के वरिष्ठ नेता गठबंधन सरकार होने के बावजूद अपने मूल एजेंडे में शामिल मुद्दों पर आगे बढ़ने की बात कर रहे हैं वह इस बात का संकेतक है कि आरएसएस के कुछ मुख्य एजेंडे भाजपा की राजनीति में फिर से सबसे आगे आ रहे हैं।

बहरहाल, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संघ मुख्यालय के दौरे के साथ ही डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर के पंचतीर्थों में से एक दीक्षाभूमि का भी दौरा कर राजनीतिक संतुलन साधने की कोशिश की। प्रधानमंत्री ने संघ मुख्यालय में दिये गये अपने संबोधन में भी बाबा साहेब को याद किया और भारतीय संविधान की भरपूर प्रशंसा की। प्रधानमंत्री मोदी ने आरएसएस मुख्यालय में डॉ. हेडगेवार स्मृति मंदिर का दौरा कर संघ के संस्थापकों को श्रद्धांजलि अर्पित की साथ ही वह दीक्षाभूमि भी गए, जहां डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर ने 1956 में अपने हजारों अनुयायियों के साथ बौद्ध धर्म अपनाया था। मोदी दीक्षाभूमि स्थित स्तूप के भीतर गए और वहां रखी आंबेडकर की अस्थियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। मोदी ने जहां आरएसएस को भारत की अमर संस्कृति का 'वट वृक्ष' बताया वहीं उन्होंने दीक्षाभूमि की सामाजिक न्याय और दलितों को सशक्त बनाने के प्रतीक के रूप में सराहना करते हुए डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर के सपनों के भारत को साकार करने के लिए और भी अधिक मेहनत करने की सरकार की प्रतिबद्धता दोहरा कर सबका दिल जीत लिया।

# तमिलनाडु में हिंदी विरोध का सच

उमेश चतुर्वेदी तमिलनाडु के बजट से रूपए के आधिकारिक हिंदी प्रतीक की विदाई और तमिलभाषा वाले प्रतीक के इस्तेमाल पर हंगामा स्वाभाविक है। दक्षिण में तमिलनाडु इकलौता राज्य है, जिसकी राजनीति तकरीबन सभी ज्वलंत मुद्दों पर बनी राष्ट्रीय सहमति से अलहदा कदम उठाती रही है। श्रीलंका के लिट्टे विद्रोहियों का मसला, हिंदी विरोध और लोकसभा सीटों के परिसीमन के मुद्दे, तमिल राजनीति की सोच राष्ट्रीय सहमति से अलग रही है। लिट्टे के खिलाफ जहां देशव्यापी गुस्सा रहा, वहीं डीएमके की राजनीति उसके प्रति राग से भरी रही। इस तरह उसने अपना एक अलग तमिल नैरेटिव रचा। रूपए के प्रतीक का तमिलकरण और हिंदी विरोध की ताजा सोच, अतीत के तमिल नैरेटिव का ही विस्तार है।

सबसे पहले आज के दौर की राजनीतिक मंशा को समझना जरूरी है। मौजूदा राजनीति का हर नया कदम और नई राजनीतिक नैरेटिव बनाने की कोशिश के परोक्ष और प्रत्यक्ष, दो उद्देश्य हैं। पहला मकसद जहां तुरंत जनभावनाओं को अपने पक्ष में मोड़कर सियासी फायदा उठाना होता है, वहीं इनके सहारे भविष्य के लिए अपनी मजबूत सियासी इमारत खड़ा करने की भी कोशिश भी रहती है। तमिलनाडु सरकार के उद्वेलित करने वाले हालिया कदमों का तात्कालिक कारण है अगले साल होने वाला विधानसभा चुनाव। इन मुद्दों के जरिए डीएमके अपने पक्ष में माहौल बनाने की कोशिश कर रही है। चूंकि ये मुद्दे तकरीबन आठ दशकों से डीएमके की राजनीतिक फसल के लिए बेहतर खाद रहे हैं, इसलिए एक बार फिर स्टालिन को इनसे उम्मीद नजर आ रही है।

संविधान के मुताबिक, भारत भले ही राज्यों का संघ हो, लेकिन राज्यों को राष्ट्रीय मुद्दों से अलग राह, जिनमें अलगाववाद के खतरे हों, किसी भी कीमत आगे बढ़ने की छूट नहीं है। संविधानसभा की बहस के दौरान राज्यों के ऐसे कदमों की आशंका जताई गई थी। इसी वजह से मजबूत केंद्र की अवधारणा की मांग स्वीकार की गई। इसके बावजूद आए दिन कुछ न कुछ राज्य राष्ट्रीय सोच से अलग रूख और राह अख्तियार करने की कोशिश करते रहते हैं। हाल के दिनों में इस कोशिश में वह पश्चिम बंगाल भी जुड़ गया है, जहां से राष्ट्रवाद की विचारधारा को बल मिला था। तमिलनाडु तो खैर अरसे से ही कई मुद्दों पर अलग रूख अख्तियार करता रहा है। ऐसा करते वक्त तमिल राजनीति इस तथ्य की अनदेखी करती रही है कि संविधान और राष्ट्र की प्राचीन अवधारणा के लिहाज से तमिल धरती पूरी तरह भारतीय है।

हिंदी विरोध की सोच तमिलनाडु में 1935 में डीएमके के वैचारिक उभार के साथ ही शुरू हुई। तब भी यह विचार, राष्ट्रीय युगबोध से अलग था। तमिलनाडु में पहले क्रांतिकारी सोच के नाम पर ब्राह्मण विरोध की शुरूआत हुई, जिसका अगला कदम हिंदी विरोध रहा। अब यह



सोच एक तरह से उत्तर भारत के तीखे विरोध तक पहुंच चुकी है। दिलचस्प यह है कि इसमें कई बार कांग्रेस जैसी राष्ट्रीय पार्टी भी मददगार होती रही है। 2023 के विधानसभा चुनावों में छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और राजस्थान में बीजेपी और तेलंगाना में कांग्रेस को मिली जीत को लेकर कांग्रेसी बौद्धिकों ने नैरेटिव गढ़ा था। जिसके हिसाब से गोबर पट्टी के राज्यों को पिछड़ा और दक्षिणी राज्यों को समझदार बताया गया। यानी जो बीजेपी को चुने, वह पिछड़ा और जो कांग्रेस को चुने, वह प्रगतिशील। इस नैरेटिव ने एक तरह से उत्तर और दक्षिण के विभाजन की रेखा को खींचने की कोशिश की। इसी का विस्तार लोकसभा सीटों के परिसीमन को लेकर द्रविड़ राजनीति की ओर से उठाए जा रहे सवालों में भी दिख सकता है।

राष्ट्रीय सहमति और सोच से उलट सोच के लिए अतीत में डीएमके को कीमत भी चुकानी पड़ी है। 1991 में तत्कालीन चंद्रशेखर ने सरकार ने तब करूणानिधि सरकार को कुछ ऐसी ही वजह से बर्खास्त कर दिया था। कांग्रेस करीब दो दशक से डीएमके की सहयोगी है, लेकिन अतीत में एक बार वह भी डीएमके की ऐसी ही सोच के चलते केंद्र की गुजराल सरकार को गिरा चुकी है। अभी चाहे हिंदी का सवाल हो या फिर रूपए के प्रतीक को बदलने की बात, डीएमके के रूख पर कांग्रेस ने फिलहाल चुप्पी साध रखी है। ऐसा लगता है कि इन मुद्दों पर कांग्रेस की स्थिति सांप और छछूंदर जैसी हो गई है। अगर वह डीएमके का विरोध करती है तो उसे अपने स्थानीय समर्थकों के छिटकने का डर है और यदि समर्थन करती है तो उत्तर भारत में उसकी उम्मीदें बिखर सकती हैं। लेकिन बीजेपी ने आक्रामक रूख अपना रखा है। रूपए का हिंदी प्रतीक बदलने का सबसे तेज विरोध तमिल मूल की निर्मला सीतारमण और तमिलनाडु बीजेपी अध्यक्ष अन्नामलाई कर रहे हैं। उनका साथ उनकी पूर्ववर्ती तमिलसाई सौंदर्याराजन दे रही हैं। बीजेपी की कोशिश है, स्टालिन के हिंदी विरोध की हवा तमिल सोच के जरिए निकालने की है। इसका आधार जोहो कंपनी प्रमुख श्रीधर वेंबु हिंदी समर्थन में बयान देकर मुहैया करा चुके हैं।

अगले साल अप्रैल-मई में तमिलनाडु में विधानसभा चुनाव होने हैं। 2021 के चुनाव में एक दशक के अन्नाद्रमुक राज के बाद डीएमके को सत्ता मिली थी। इसे बचाए रखने की जुगत में स्टालिन जुट गये हैं। उत्तर और हिंदी विरोधी माहौल जिंदा करना और स्थानीय भावनाओं को उभारना तमिलनाडु में सबसे आसान रहा है। त्रिभाषा फ़ॉर्मूले में स्टालिन को हिंदी विरोध की आसान राह सूझी और वे मैदान में कूद पड़े। लोकसभा सीटों के परिसीमन में जनसंख्या के लिहाज से सीटें कम होने का डर वह पहले से दिखा रहे हैं। रूपए का प्रतीक बदलना उनका अगला कदम है। 1937 में पेरियार के हिंदी विरोधी आंदोलन को तकरीबन समूचे तमिल समुदाय का समर्थन मिला। 1965 में जब संवैधानिक प्रावधानों के चलते हिंदी राजभाषा बनने वाली थी, तब सीए अन्नादुरै की अगुआई में हुए तीव्र हिंदी विरोधी आंदोलन को भी समूचे तमिलनाडु का साथ मिला। इसके असर में दो साल बाद हुए विधानसभा चुनावों में कांग्रेस को सत्ता गंवानी पड़ी, तब से कांग्रेस राज्य में हाशिए पर ही है। हालांकि इस बार हिंदी विरोध, परिसीमन का डर या रूपए के प्रतीक बदलने को तकरीबन समूचे तमिल समुदाय का साथ मिलता नहीं दिख रहा। इसकी बड़ी वजह यह है कि तमिल समुदाय भी अब भाषा की राजनीति और उसके दायरे को समझने लगा है। संचार क्रांति के जरिए उसे भी पता है कि स्टालिन द्वारा उठाए जा रहे मुद्दों की खामी-खासियत क्या है? तमिल समुदाय के एक हिस्से भी समझ आने लगा है कि उनकी सरकार का विरोध एक बिंदु पर राष्ट्रीय धारा के विपरीत हो सकता है। अब तमिलनाडु में भी लोग मिलने लगे हैं, जिन्हें हिंदी विरोध राजनीतिक शिगूफा नजर आता है। स्टालिन जिस तरह तेजी से एक के बाद एक मुद्दे उछाल रहे हैं, उससे उन्हें और उनके सलाहकारों को लगता है कि हिंदी विरोध हो या परिसीमन की मुखालफत को बड़ा और गहरा समर्थन नहीं मिल रहा है। इन मुद्दों को लगातार उछालने की एक वजह यह भी है, ताकि वह विधानसभा चुनावों तक जिंदा रहे। पिछले लोकसभा चुनाव में बीजेपी राज्य में अपना खाता नहीं खोल पाई, लेकिन उसका गठबंधन राज्य में 18.2 प्रतिशत वोट हासिल करने में कामयाब रहा।

# रबर फैक्ट्री के अंदर कुंआ में मिला गार्ड की लाश, पैसा देकर मामला दबाने की कोशिश



**मीडिया ऑडीटर, भिलाई (एजेंसी)।** भिलाई के जामुल थाना अंतर्गत इंडस्ट्रियल एरिया स्थित उषा रबर फैक्ट्री के कुएं में वहां के गार्ड की लाश मिली। पहले तो परिजनों ने हत्या का आशंका जताई, लेकिन सीसीटीवी फुटेज साफ हुआ गार्ड की मौत कुंआ में गिरने से हुई है। कंपनी में 70 साल से अधिक उम्र में भी बुजुर्ग को गार्ड की नौकरी पर रखा गया था। सही दिखाई ना देने से यह दुर्घटना हुई। इसके बाद परिजनों को 4 लाख देकर मामले को दबाने का प्रयास किया जा रहा है। उषा रबर फैक्ट्री में मिली लाश की पहचान उपेन्द्र सिंह के रूप में हुई। उपेंद्र उसी फैक्ट्री में गार्ड की नौकरी करता था। भिलाई इंडस्ट्रियल सिक्यूरिटी सर्विस नाम की एजेंसी ने 70 साल से अधिक उम्र के बाद भी उसे गार्ड की नौकरी पर रखा। फैक्ट्री संचालक ने आंख कम दिखाई दने के बाद भी उसे नाइट ड्यूटी पर रखा। उसकी ड्यूटी उषा रबर फैक्ट्री में शाम 6 बजे से लेकर सुबह 6 बजे तक यानि 12 घंटे की थी। यहां रात 12 बजे उपेंद्र फैक्ट्री के चारों तरफ जाकर ड्यूटी कर रहे थे। इसी दौरान वो कुंआ की तरफ चल गए। वहां लोहे के एंगल पड़े होने से उन्हें कुआं ठीक से दिखाई नहीं दिया और फैर फिसल जाने से वो सीधे लगभग 12 फिट गहरे कुए में जा गिरे। सुबह 6 बजे छुट्टी होने के बाद वो घर नहीं पहुंचा तो परिजनों ने फैक्ट्री में पता किया। जब वहां उसकी तलाश की गई तो उसकी लाश कुंआ में तैरती हुई मिली। इसके बाद पुलिस की मौजदूगी में सुबह करीब 10 बजे शव को क्रेन के सहारे बाहर निकाला गया।

गार्ड के दोनों बेटे और परिवार के अन्य लोग जानकारी मिलते ही रबर फैक्ट्री पहुंच गए थे। वहां उन्होंने फैक्ट्री संचालक के ऊपर लापरवाही का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि यदि कुंआ को कवर करके रखा जाता तो आज उपेंद्र सिंह जिंदा होते। परिजनों ने फैक्ट्री में हंगामा शुरू कर दिया। इसके बाद कंपनी संचालक आशुतोष तिवारी ने परिजनों को 4 लाख रुपए देकर शांत कराया और मामले को दबाने की कोशिश की गई।

जामुल पुलिस ने जब फैक्ट्री में लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच की तो पाया कि लक्ष्मी विहार जय अंबे शोरूम के पीछे जामुल वार्ड 4 निवासी उपेंद्र सिंह अपने समय पर ड्यूटी करने शाम 6 बजे पहुंच गया था। रात 12 बजे वो फैक्ट्री के वर्कशॉप वन और टू का दौरा किया फिर पीछे की तरफ चला गया। वहां कुआं के ऊपर लोहे एंगल रखे हुए थे। इन एंगल के बीच में एक से सवा फिट का गैप था, जिससे कुआं से पानी निकाला जाता था। उपेंद्र सिंह उसी तरफ चले गए और एंगल रखा होने से कुंआ देख नहीं पाए और सीधे कुंआ में नीचे जा गिरे। रात भर कुंआ में पड़े होने से उनकी मौत हो गई। सुबह पानी में तैरती हुई उनकी लाश मिली। लाश को बाहर निकाला गया और पीएम के लिए लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल स्थित मरचुरी भेजा गया।

# सेक्टर-9 में लहराया भिलाई का सबसे बड़ा भगवा ध्वज



**मीडिया ऑडीटर, भिलाई (एजेंसी)।** हिंदू नववर्ष विक्रम संवत 2082 के उपलक्ष्य में श्रीराम जन्मोत्सव समिति ने सेक्टर 9 चौक में भिलाई का सबसे बड़ा भगवा ध्वज लहराया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में समिति के लोग मौजूद रहे। विधिवत पूजा-अर्चना और भगवान श्रीराम की आरती की गई। पूरा क्षेत्र जय श्रीराम की गूंज से भगवामय हो गया। इस मौके समिति के युवा शाखा अध्यक्ष मनीष पाण्डेय मनीष पाण्डेय ने कहा कि, 'यह हम सभी के लिए गर्व और हर्ष का विषय है कि इस्पात नगरी भिलाई में सेक्टर-9 चौक पर सबसे बड़ा भगवा ध्वज लहराने जा रहा है। यह ध्वज हमारी संस्कृति, धार्मिक मूल्यों और सनातन परंपराओं का प्रतीक है। इस आयोजन के माध्यम से हम अपनी आस्था को सशक्त कर रहे हैं और आने वाली पीढ़ियों को अपनी परंपराओं का महत्व समझा रहे हैं। यह आयोजन हमारे सनातनी एकता और समर्पण का प्रतीक है।' राम जन्मोत्सव समिति के द्वारा हर साल शहर में बड़े ही धूमधाम से रामनवमी के कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। यह समिति पिछले 40 सालों से लगातार यह आयोजन करते आ रही है। इस समिति के अध्यक्ष पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पाण्डेय हैं। समिति के द्वारा इस दिन पूरे शहर में विशाल ध्वज यात्रा निकाली जाती है। इसके साथ ही ध्वज लेकर चलने वाले ध्वजवाहकों को हर साल समिति के द्वारा सम्मानित किया जाता है। इस साल भी समिति रामनवमी आयोजन का 40वां वर्ष पूरा करेगी और भव्य आयोजन करेगी। इस आयोजन के लिए समिति के लोग घर घर जाकर रामनवमी तक 'एक मुट्ठी दान श्रीराम के नाम' का दान मांगते हैं। इस अभियान से एकत्रित अनाज से जरूरतमंदों की मदद की जाती है और रामनवमी के पावन अवसर पर सामाजिक सेवा का भी संदेश दिया जाता जाता है।

# बलरामपुर में हाथी के हमले से दो की मौत, भड़के ग्रामीणों ने किया चक्काजाम



**मीडिया ऑडीटर, अंबिकापुर(एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ में हाथियों का उत्पात नहीं थम रहा है। बलरामपुर जिले में दंतैल हाथी के हमले से 2 लोगों की मौत हो गई। इसमें एक महिला और कमिश्नर ऑफिस का प्यून है। हाथी ने सोमवार की शाम हमला करते हुए महिला का हाथ उखाड़ दिया था। वहीं तड़के सुबह प्यून को कुचल दिया।2 लोगों की मौत से भड़के ग्रामीणों ने जमकर हंगामा किया। छतवा में डिप्टी रेंजर ऑफिस के सामने चक्काजाम कर सुरक्षा बढ़ाने की मांग की गई। पुलिस और वन विभाग के अधिकारियों की समझाइश के बाद चक्काजाम खत्म हुआ। जानकारी के मुताबिक, रामचंद्रपुर क्षेत्र में विचरण कर रहे 10 हाथियों के दल से एक दंतैल अलग हुआ था। दंतैल हाथी सोमवार शाम 7 बजे फुलवार गांव पहुंच गया। हाथी ने गेंहू के खेत में पत्नी के साथ काम कर रहे उस्मान अंसारी (50 साल) पर हमला कर दिया। हाथी को पति पर हमला करते हुए देख उसकी पत्नी अस्मीना अंसारी (45 साल) हाथी से भिड़ गई। हाथी ने अस्मीना का बायां हाथ उखाड़ दिया। महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। उस्मान का शोर सुनकर ग्रामीण पहुंचे और दोनों घायलों को हॉस्पिटल पहुंचाया। रामानुजगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से दोनों को अंबिकापुर रेफर कर दिया। दोनों को अंबिकापुर के मिशन हॉस्पिटल में दाखिल कराया। मिशन हॉस्पिटल में इलाज के दौरान अस्मीना अंसारी की मौत हो गई। वहीं पति उस्मान का उपचार किया जा रहा है। फुलवार से निकलकर हाथी देर रात रामपुर पहुंच गया। रामपुर में तड़के करीब 3 बजे महुआ बिनने गए दुर्गा प्रसाद (48 साल) को कुचल दिया। दुर्गा प्रसाद राजपुर ब्लॉक के जिगड़ी बासने का रहने वाला था। वह अंबिकापुर कमिश्नर ऑफिस में चपरासी था। दुर्गा प्रसाद की जमीन रामपुर में है। वह पत्नी और बच्चों के साथ रामपुर आया था और तड़के ही महुआ बिनने के लिए खेत में गया हुआ था। दंतैल हाथी रात को पास पहुंचा तो दुर्गा प्रसाद को पता नहीं चला। हाथी के हमले में 2 लोगों की मौत से ग्रामीण भड़क गए। डिप्टी रेंजर कार्यालय के सामने पहुंचकर नारेबाजी की। उनका कहना है कि, ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि सूचना दिए जाने के बाद भी वन विभाग की टीम रात को मौके पर नहीं पहुंची।

# रायपुर में मिले एक हजार साल पुराने अवशेष, पुरातत्व विभाग करेगा सर्वे



**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (एजेंसी)।** रायपुर के महादेव घाट के पास प्लॉटिंग के दौरान पुरातात्विक अवशेष मिले हैं। यहां 1 हजार साल पुराने ईंट, मटका, बर्तन, सिलबट्टा सहित अन्य चीजें बरामद हुई हैं। पुरातत्व विभाग ने प्राचीन अवशेषों को अपने कब्जे में ले लिया है। दरअसल, रायपुरा के डिपरापारा स्थित खल्लारी मंदिर के पास प्लॉटिंग चल रही थी। आसपास के क्षेत्र में खुदाई कर, उस मिट्टी में पूरे परिसर का समतलीकरण किया जा रहा था। इस दौरान यहां कुछ पुरातात्विक अवशेष मिले। संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग के अधिकारियों ने बताया कि ने मौके से मटका, सिलबट्टा, मिट्टी के बर्तन, पत्थर, ईंट औक एक मूर्ति भी मिली है। प्राचीन अवशेष मिलने के बाद विभाग की ओर से रायपुर कलेक्टर को पत्र लिखा है। जमीन का रिकॉर्ड मांगा गया है कि जमीन प्राइवेट है या सरकारी । मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने बताया कि जो अवशेष मिले है वह सभी 1 हजार साल से ज्यादा पुराने हैं। यहां काम कर रहे लोगों ने इसे नजरअंदाज कर दिया। वह बिना प्रशासन को जानकारी दिए उसे मिट्टी में दबा रहे थे। लेकिन बाद में इसकी जानकारी जिला प्रशासन और पुरातात्विक विभाग को लगी। जिसके बाद टीम वहां पहुंची। जेसीबी से जो काम चल रहा था उसे बंद करवा दिया गया है।

पुरातत्वविदों का कहना है कि 14वीं शताब्दी से ही इस जगह में लोग रहा करते थे। और खारुन नदी के आस-पास पुरानी सभ्याता रही है। इतिहास में भी इसका जिक्र है।

# पुलिसकर्मी की पिटाई से नाराज, पंडरी थाने का घेराव



**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (एजेंसी)।** रायपुर में पुलिस कांस्टेबल की पिटाई से नाराज होकर पंडरी थाने का घेराव हो गया है। यह घेराव भीम आर्मी ने किया है। जिसके बाद पुलिस थाने को छावनी में तब्दील कर दिया गया है। मौके पर ASP, w CSP, 7 थानों के TI समेत दर्जनों की संख्या में पुलिस बल तैनात है। थाने के आसपास बैरेकेडिंग कर दी गई है प्रदर्शन लगातार जारी है। आसपास से गुजरने वाले लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। यह पूरा मामला पंडरी(मोवा) थाना क्षेत्र का है। पीड़ित गोपाल दास डहरिया ने बताया कि सेक्टर 8 सड्डू का निवासी है। 12 मार्च की रात करीब 9 बजे वह विज्ञान भवन के पास अपने भाई के चाय ठेले की दुकान पर खड़ा था। इस दौरान वहां पर कुछ पुलिसकर्मी पहुंचे। पुलिसकर्मी होली के दौरान सड़क पर व्यवस्था बनाने को लेकर पेट्रोलिंग पर थे। युवक का कहना है कि, जब वह खड़ा था इसी दौरान मोवा थाने के पुलिस वाले वहां पर पहुंचे। उनमें से एक कॉन्स्टेबल मनीष साहू तू-तड़ाक करते हुए गाल पर थप्पड़ जड़ दिया। मारने का कारण पूछा तो, पुलिस वाला गालियां भी देने लगा।

शिकायत में युवक ने बताया कि, चाय दुकान उसकी ही है और वह अपने भाई की मदद करने आया था। इसी दौरान बेवजह पीटा गया है। हाथ-पैर और छाती में कई बार वार किए जिससे उसे गंभीर चोट आई है। इसके बाद पुलिसकर्मी उसे उठाकर गाड़ी में जबरन बैठाने लगा। तो युवक डरकर वहां से दूर भागा। इस घटना के बाद युवक अपने परिजन और दोस्तों के साथ पुलिस थाने पहुंचा। वहां जाकर उसने सीनियर पुलिस वालों को पूरी घटना बताई। लिखित में आरोपी पुलिसकर्मी के खिलाफ शिकायत भी दी। इसके बावजूद थाने में कोई भी एफआईआर दर्ज नहीं की गई। इसके अलावा युवक का मेडिकल परीक्षण भी नहीं करवाया गया। इस मामले में रायपुर पुलिस SSP डॉ लाल उम्मेद सिंह ने मामले को संज्ञान में लेते हुए 16 मार्च को आरोपी कांस्टेबल मनीष साहू को लाइन अटैच कर दिया था। हालांकि इस बात की जानकारी मीडिया में नहीं आई थी। फिलहाल प्रदर्शनकारियों की मांग है कि दोषी पुलिसकर्मी को नौकरी से बर्खास्त किया जाए। फिलहाल इस मामले में पुलिस अफसर प्रदर्शनकारियों को समझाने की कोशिश में जुटे हैं।

# हथियार-विस्फोटक बरामद, कई माओवादियों के मारे जाने का दावा




**मीडिया ऑडीटर, बस्तर(एजेंसी)।** बस्तर के अबूझमाड़ में नारायणपुर DRG, बस्तर फाइटर्स और STF की टीम ने लगातार 6 दिनों तक नक्सलियों के खिलाफ ऑपरेशन चलाया। दिन-रात जंगलों की खाक छानी। नक्सलियों की कंपनी नंबर 1 के नक्सलियों के साथ बार-बार मुठभेड़ हुई। उन्हें दौड़ाया। हालांकि, मौके से जवानों के एक स्न्न समेत अन्य विस्फोटक सामान बरामद किया है। मौके पर खून के धब्बे, घसीटने के निशान मिले, जिसे देखकर पुलिस का दावा है कि इस मुठभेड़ में कई नक्सली मारे गए हैं, कुछ घायल भी हुए हैं। 6 दिनों के ऑपरेशन के बाद फोर्स लौट आई है। दरअसल, नारायणपुर पुलिस को सूचना मिली थी कि अबूझमाड़ में नक्सलियों की कंपनी नंबर 1 के नक्सलियों का जमावड़ा है। इसी सूचना के आधार पर नारायणपुर से DRG, STF और बस्तर फाइटर के करीब 500 से ज्यादा जवानों को 25-26 मार्च की रात ऑपरेशन के लिए निकला गया था। मुखबिर के बताए अनुसार जवानों ने नक्सलियों के कोर इलाके को घेरा। हालांकि इससे पहले नक्सलियों को जवानों के आने की सूचना मिल गई थी। नक्सली अपना ठिकाना बदल रहे थे, इसी बीच जवानों के साथ मुठभेड़ हो गई। दोनों तरफ से हुई गोलीबारी में नक्सली मौके से भाग निकले। जिसके बाद जवानों ने घटना स्थल पर सर्च ऑपरेशन चलाया। मौके से एक स्न्न राइफल समेत गोलियां और अन्य विस्फोटक सामान बरामद किया। जिसके बाद फिर जवान आगे बढ़ते गए। अगले दिन फिर अबूझमाड़ के जंगलों में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। इस मुठभेड़ में जवानों को भारी पड़ता देख नक्सली भाग निकले। जब यहां भी सर्च ऑपरेशन चलाया गया तो खून के धब्बे और घसीटने के निशान जवानों को मिले। यहां भी मौके से नक्सलियों के सामान को बरामद किया गया।

# पंचायत विभाग के निलंबित जेडी को राहत नहीं



**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर (एजेंसी)।** हाईकोर्ट ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के निलंबित ज्वॉइंट डायरेक्टर अशोक चतुर्वेदी की याचिका खारिज कर दी है। उन्होंने एसीबी की ओर से दर्ज आय से अधिक संपत्ति के केस को निरस्त करने के लिए याचिका लगाई थी। केस की सुनवाई के दौरान एसीबी ने बताया कि सेवाकाल के दौरान अफसर की कुल आय 68 लाख रुपए थी, जबकि उनसे 31 करोड़ की चल-अचल संपत्ति के दस्तावेज और सबूत मिले हैं।

पंचायत एवं ग्रामीण विभाग के जॉइन डायरेक्टर अशोक चतुर्वेदी के खिलाफ एसीबी ने आय से अधिक संपत्ति का केस दर्ज किया है। इससे पहले एसीबी ने उनकी संपत्ति की जांच की थी, जिसके बाद उनके ठिकानों में छापेमारी भी की थी। जांच के बाद 28 अगस्त 2023 को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 13(1)(बी) और 13(2) के तहत अंतिम रिपोर्ट दाखिल की। यह मामला विशेष न्यायाधीश (पीसी एक्ट), रायपुर की अदालत में ट्रायल पर है। आरोपी अफसर के खिलाफ साक्ष्य मिलने पर राज्य शासन ने उसे सस्पेंड कर दिया है। इसके साथ ही एसीबी की टीम उसकी तलाश भी कर रही थी। इस बीच आरोपी अफसर ने हाईकोर्ट में याचिका लगाई थी। इसमें अपने खिलाफ दर्ज आपराधिक मामले को निरस्त करने की मांग की गई थी। इस मामले में हाईकोर्ट ने नोटिस जारी कर जवाब मांगा था। याचिकाकर्ता की तरफ से कहा गया कि उनका रिकॉर्ड साफ है। वह जांच का सामना करने को तैयार है। आरोप लगाया कि राज्य सरकार ने राजनीतिक दुर्भावना के कार्रवाई की थी। पत्नी को परिवारद्धर में आरोपी नहीं बनाया गया था। लेकिन अंतिम रिपोर्ट में शामिल किया गया है। यह भी कहा गया कि बिना वैध पूर्व स्वीकृति के रिपोर्ट दाखिल की गई, जो कानून के खिलाफ है। कोर्ट में जवाब प्रस्तुत कर राज्य सरकार ने बताया कि परिवारद्धर के अनुसार अधिकारी की सेवा अवधि यानी 3 मार्च 2001 से 31 दिसंबर 2019 तक कुल वेतन 68 लाख 89 हजार 344 रुपए रहा। पत्नी की आय 23 लाख 60 हजार 845 रुपए बताई गई है। जबकि जांच एजेंसी के अनुसार दोनों के पास 31 करोड़ 65 लाख 82 हजार 400 रुपए की संपत्ति है। इसमें छह संपत्तियों का विवरण दिया गया है। इनमें से एक संपत्ति ग्राम तेंदुआ, तहसील नवागढ़ में है। इसकी कीमत 1 करोड़ 10 लाख रुपए आंकी गई है। इसमें 30 लाख भूमि और 80 लाख कथित विकास कार्य के लिए बताए गए हैं।

इसके अलावा अधिकारी ने बीमा पॉलिसियों में 22 लाख 31 हजार 47 रुपए और विविध खर्चों में 5 लाख 50 हजार रुपए का निवेश किया है। मामले की सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने पाया कि याचिकाकर्ता के खिलाफ आरोप गंभीर हैं। आरोप-पत्र दाखिल हो चुका है। जांच को तार्किक निष्कर्ष तक पहुंचाना जरूरी है। इस आधार पर हाई कोर्ट ने याचिका खारिज कर दी है।

# कोरिया के सरकारी पोल्ट्री फार्म में फैला बर्ड फ्लू



**मीडिया ऑडीटर, कोरिया (एजेंसी)** छत्तीसगढ़ के कोरिया जिले में बर्ड फ्लू की पुष्टि हुई है। जानकारी के मुताबिक बैकुंठपुर के प्रेमाबाग स्थित शासकीय कुक्कुट पालन केंद्र में 12 मुर्गियों में बर्ड फ्लू (एवियन इन्फ्लूएंजा) की पुष्टि हुई। इसके बाद पोल्ट्री फार्म में 19 हजार से ज्यादा अंडे, करीब 10 हजार चूजे नष्ट किए गए। इसके अलावा 2 हजार 487 मुर्गियां और 2 हजार 448 बटेरों को भी मारा गया है। इधर सूरजपुर और सरगुजा जिले में भी अलर्ट जारी किया गया है।

एक किलोमीटर तक इंफेक्टेड जोन भोपाल स्थित नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हाई सिक्योरिटी एनिमल डिजीज से ये रिपोर्ट मिली है। इसके बाद कलेक्टर चंदन त्रिपाठी ने सोमवार को आपातकालीन बैठक बुलाई। उन्होंने आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। साथ ही कलेक्टर ने एक किलोमीटर तक के क्षेत्र को इंफेक्टेड जोन घोषित किया है। वहीं 10 किलोमीटर के क्षेत्र को सर्विलांस जोन पर रखा गया है। इस क्षेत्र में मुर्गे-मुर्गियों और अंडों की बिक्री को बैन किया गया है। प्रशासन ने रातभर अभियान चलाकर कुक्कुट पालन केंद्र में मौजूद अंडे, चूजे, मुर्गियां और बटेरों को नष्ट किया। पूरा अमला पीपीई किट पहनकर इस काम में जुटा रहा। सभी पक्षियों को केंद्र के भीतर ही खोदे गए गड्ढों में दफनाया गया। ताकि संक्रमण को फैलने से रोका जा सके। पशु चिकित्सा सेवाओं की उप संचालक विभा सिंह बघेल के नेतृत्व में आगे की कार्रवाई की जा रही है। पक्षियों को नष्ट करने के बाद अब केंद्र को पूरी तरह से सैनिटाइज किया जा रहा है। मौके पर अपर कलेक्टर अरुण मरकाम, एसडीएम दीपिका नेताम, तहसीलदार अमृता सिंह और पशु चिकित्सा सेवाओं के अधिकारी मौजूद रहे।

# समाजसेवी ने भेंट की 3 व्हील चेयर, डॉक्टर बोले- मरीजों को मिलेगी राहत



**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।** स्व. सरस्वती देवी फरमानिया की स्मृति में उनकी बहू अनीता फरमानिया ने मनेंद्रगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को 3 व्हील चेयर भेंट की हैं। कार्यक्रम में अनीता फरमानिया ने कहा कि यह पहल स्व. सरस्वती देवी की प्रेरणा से की गई है। उन्होंने समाज के लिए किए गए सरस्वती देवी के योगदान को याद किया। इन व्हील चेयर से दिव्यांगों को चिकित्सा सेवाओं के दौरान सुविधा मिलेगी। इस मौके पर सरस्वती देवी के पोते रोहन फरमानिया ने कहा कि उनकी दादी ने हमेशा समाज के हर वर्ग की मदद करने की प्रेरणा दी। उन्होंने जीवनभर गरीबों और जरूरतमंदों की सेवा की। जिला चिकित्सा अधिकारी डॉ. खरे ने कहा कि इस पहल से क्षेत्र के मरीजों को लाभ मिलेगा। यह छोटी सी भेंट उनके लिए बड़े बदलाव का कारण बनेगी।

कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिमा यादव, पूर्व पार्षद सरजू यादव, समाजसेवी रामचरित द्विवेदी, पार्षद सुनैना विश्वकर्मा समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी ने इस पहल की सराहना की और समाज सेवा की भावना को बढ़ावा देने के लिए अनीता फरमानिया का आभार जताया।

# अमित शाह करेंगे दंतेश्वरी माता के दर्शन, पंडुम महोत्सव में शिरकत



**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (निप्र)।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह छत्तीसगढ़ आ रहे हैं। प्रदेश के गृहमंत्री विजय शर्मा ने बताया कि 4 अप्रैल की शाम अमित शाह रायपुर पहुंचेंगे। रायपुर में ही अमित शाह रात रुकेंगे। इसके बाद 5 अप्रैल की सुबह दंतेवाड़ा जाएंगे। विजय शर्मा ने बताया कि चूंकि नवरात्र के दिन हैं, इसलिए दंतेवाड़ा में केंद्रीय गृहमंत्री 5 तारीख को सुबह दंतेश्वरी मंदिर में दर्शन करेंगे। इसके बाद वो बस्तर पंडुम कार्यक्रम में शामिल होंगे। ये बस्तर की संस्कृति का उत्सव है। वहां के भोजन, आभूषण, परिधान, वाद्य, वहां के नाटक, नृत्य, वहां की ड्रिंक्स से जुड़ा कार्यक्रम है।

महोत्सव के समापन में अमित शाह शामिल होंगे। 3 से 5 अप्रैल तक संभाग स्तर पर ये आयोजन किया जा रहा है। 3 को उद्घाटन में कवि कुमार विश्वास बस्तर आएंगे। वे यहां बस्तर के राम विषय पर प्रस्तुति देंगे। विश्वास भगवान राम के बस्तर से नाते के बारे में बताएंगे। गृहमंत्री विजय शर्मा ने बताया कि बस्तर निकाय चुनावों में जितने जनप्रतिनिधी जीतकर आए हैं, उनके साथ अमित शाह लंच करेंगे। बस्तर के अंदरूनी इलाकों में जनता से जुड़े काम सरकार की योजनाओं पर बात करेंगे। इसी के साथ अब तक प्रदेश में जो बड़े नक्सल ऑपरेशन हुए उनमें शामिल कमांडर्स से भी अमित शाह मुलाकात करेंगे। एंटी नक्सल ऑपरेशन को लेकर अफसरों से चर्चा करेंगे। छत्तीसगढ़ सरकार की नई नक्सल नीति के बारे में भी अमित शाह को बताया जाएगा। गृहमंत्री विजय शर्मा ने बताया- डॉ. कुमार विश्वास 3 अप्रैल को पंडुम महोत्सव में आएंगे। कुमार "बस्तर के राम" कथा बताएंगे। दंडकारण्य क्षेत्र का रामायण काल में विशेष स्थान रहा है। पुराणों में उल्लेख मिलता है कि श्री राम ने अपने वनवास काल का कुछ समय दंडकारण्य के जंगलों में व्यतीत किया था। डॉ. कुमार विश्वास अपनी राम कथा में "बस्तर के राम" पर इसी कथा को सुनाएंगे।

# लगातार चौथी बार शम्मी सिल्वा को श्रीलंका क्रिकेट का अध्यक्ष चुना गया, जय शाह के हैं करीबी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सोमवार को शम्मी सिल्वा को कोलंबो में 64वीं वार्षिक आम सभा में श्रीलंका क्रिकेट का फिर से अध्यक्ष चुना गया। एसएलसी ने कहा कि उन्हें 2025-27 के कार्यकाल के लिए निर्विरोध चुना गया। ये अध्यक्ष के रूप में उनका लगातार चौथा कार्यकाल है और तीसरी बार उन्हें निर्विरोध चुना गया है। सिल्वा को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के वर्तमान प्रमुख भारत के जय शाह के सहयोगी के रूप में देखा जाता है। उन्होंने पिछले साल दिसंबर में एशियाई क्रिकेट परिषद के अध्यक्ष के रूप में शाह की जगह ली थी। सिल्वा का कार्यकाल 2023 में तत्कालीन खेल मंत्री रोशन राणासिंघे के साथ उनके टकराव से प्रभावित रहा था। विश्व कप 2023 में भारत के खिलाफ श्रीलंका की बड़ी कार के बाद मंत्री ने एक अंतरिम समिति की नियुक्ति की थी जिसके कारण श्रीलंका को आईसीसी से निलंबित कर दिया गया था।

आईसीसी के निलंबन के बाद पिछले साल जनवरी में श्रीलंका में होने वाला अंडर-19 पुरुष वर्ल्ड कप दक्षिण अफ्रीका में आयोजित किया गया। बाद में खेल मंत्री को बर्खास्त कर दिया गया और अदालत ने सिल्वा की अगुवाई में एसएलसी प्रशासन को बहाल कर दिया। श्रीलंका द्वारा 1996 का विश्व कप जीतने के बाद से स्थानीय व्यापार जगत के टॉप लोगों के बीच एसएलसी में पद पाना प्रतिष्ठा का विषय बन गया है।

# अजिंक्य रहाणे ने बल्लेबाजों को ठहराया हार का जिम्मेदार, बताया कहां हुई चूक

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईपीएल 2025 का 12वां मुकाबला मुंबई इंडियंस और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच खेला गया। इस मैच में रुद्ध ने केकेआर को 8 विकेट से हराया। इसके साथ ही मुंबई इंडियंस को सीजन की पहली जीत मिली है। जबकि केकेआर की ये लगातार दूसरी हार है। वहीं कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने हार की वजह बताई। दरअसल, मुंबई से मिली हार के बाद कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने कहा कि बल्लेबाज सामूहिक रूप से नाकाम रहे। पोस्ट मैच प्रेजेंटेशन में रहाणे ने कहा कि, सामूहिक रूप से बल्लेबाज नाकाम रहे। जैसा कि मैंने टॉस में कहा था कि, ये बल्लेबाजी के लिए अच्छा विकेट था। इ विकेट पर 180-190 रन का स्कोर अच्छा होता। इसमें बहुत अच्छा उछाल है। कभी-कभी आपको गति और उछाल का उपयोग



करना पड़ता है। इस खेल में हमें बहुत तेजी से सीखने को मिला। गेंद से कुछ खास नहीं कर सके। उन्होंने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास किया। लेकिन बोर्ड पर ज्यादा रन नहीं बने। हम लगातार विकेट खोते रहे। पावरप्ले में चार विकेट। इसे समेकित करना और उस कुल को बोर्ड पर लाना कठिन था। आपको उस साझेदारी को जारी रखने की आवश्यकता है। अंत तक टिके रहने के लिए एक बल्लेबाज की जरूरत है।

मुंबई इंडियंस ने हार्दिक पंड्या की कप्तानी में आईपीएल 2025 के 12वें मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए कोलकाता नाइट राइडर्स को आठ विकेट से शिकस्त दी। इस जीत के साथ मुंबई ने टूर्नामेंट में अपना खाता खोला, क्योंकि इससे पहले खेले गए दोनों मुकाबलों में टीम को हार का सामना करना पड़ा था। कोलकाता नाइट राइडर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सिर्फ 116 रन बनाए, जिसे मुंबई इंडियंस ने 12.5 ओवर में 2 विकेट के नुकसान पर आसानी से हासिल कर लिया।

## ज्यादा फॉलो की जाने वाली आईपीएल टीम

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईपीएल का 18वां सीजन अभी तक रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए अच्छा साबित हुआ है। पिछले 17 सालों से खिताब के लिए तरस रही आरसीबी ने अभी तक खेले गए मुकाबलों में केकेआर और चेन्नई सुपर किंग्स को हराया है। जिसके बाद पॉइंट्स टेबल पर टीम सबसे टॉप पर है। वहीं आरसीबी ने जहां सीएसके को मुकाबले में हराया उसके कुछ दिन बाद ही आरसीबी ने एक और मामले में चेन्नई सुपर किंग्स को पछाड़ दिया है। दरअसल, आरसीबी ने सीएसके को इंस्टाग्राम फॉलोअर्स के मामले में भी पछाड़ दिया है।

# मुंबई इंडियंस और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच भिड़ंत


**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईपीएल 2025 का 12वां मैच मुंबई इंडियंस और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला जा रहा है। हार्दिक पंड्या ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया है। एमआई की टीम में दो बदलाव हुई हैं। विल जैक्स की वापसी हुई है, वहीं अश्वनी कुमार डेब्यू करेंगे। वहीं केकेआर की प्लेइंग 11 में सुनील नरेन की वापसी हुई है। मुंबई की टीम हार की हैट्रिक से बचना चाहेगी और उनकी नजरें जीत का खाता खोलने पर होगी। एमआई ने अभी तक खेले दोनों मुकाबले गंवाए हैं। वहीं हार के साथ टूर्नामेंट का आगाज करने वाले केकेआर की टीम अपना पिछला मैच यहां जीतकर पहुंची है। आज दोनों टीमों के बीच कड़ी टक्कर होने की उम्मीद है।

दोनों टीमों की प्लेइंग 11

मुंबई इंडियंस- रयान रिकेलटन (विकेटकीपर), विल जैक्स, सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा, हार्दिक पंड्या (कप्तान), नमन धीर, दीपक चाहर, मिशेल सेंटनर, ट्रेंट बोल्ट, अश्विनी कुमार, विग्नेश पुथुर।

केकेआर- क्विंटन डी कॉक (विकेटकीपर), सुनील नरेन, अजिंक्य रहाणे (कप्तान), वेंकटेश अय्यर, अंगकृष रघुवंशी, रिंकू सिंह, आंद्रे रसेल, रमनदीप सिंह, हर्षित राणा, स्पेंसर जॉनसन, वरुण चक्रवर्ती।

# भारतीय क्रिकेट को बड़ा झटका, पटौती ट्रॉफी का हुआ अंत!



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत और इंग्लैंड के बीच लंबे समय से खेली जा रही पटौती ट्रॉफी का अंत हो गया। ये एक टेस्ट सीरीज है, जिसे महान क्रिकेटर मंसूर अली खान पटौदी के सम्मान में करवाया जाता रहा है। लेकिन अब इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने इस ट्रॉफी को रिटायर करने का फैसला किया है। पटौदी ट्रॉफी सीरीज पहली बार 2007 में खेली गई थी, जिसमें भारत ने इंग्लैंड को 1-0 से हराया था। जून-जुलाई के महीने में भारतीय टीम जब इंग्लैंड का दौरा करेगी, तभी से पटौदी ट्रॉफी को आधिकारिक रूप से खत्म किया जा सकता है। हालांकि, पटौदी ट्रॉफी को खत्म करने का कारण का खुलासा नहीं हुआ है। लेकिन किसी अन्य महान क्रिकेटर के नाम पर नई ट्रॉफी का शुरू किया जाना भी कोई चौंकाने वाला विषय नहीं होगा। क्रिकबज की एक रिपोर्ट के अनुसार, इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड के किसी अधिकारी ने इस विषय पर पुष्टि नहीं की है। क्रिकेट में आमतौर पर बहुत कम मौकों पर ट्रॉफी रिटायर की जाती हैं, लेकिन इससे पहले इंग्लैंड और वेस्टइंडीज के बीच खेली जाने वाली विसडन ट्रॉफी को भी रिटायर किया गया था। बाद में रिचर्ड्स बॉथम ट्रॉफी की शुरुआत हुई थी। बता दें कि, मंसूर अली खान भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान थे। उन्होंने 1961-1975 के बीच भारतीय टीम का 46 टेस्ट मैचों में प्रतिनिधित्व किया था। इस दौरान उन्होंने अपने करियर में 2,793 रन बनाए, साथ ही उन्होंने अपने करियर में 6 शतक और 16 फिफ्टी भी लगाई थीं।

# राजस्थान रॉयल्स के कप्तान रियान पराग का लाखों का नुकसान



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राजस्थान रॉयल्स ने आईपीएल 2025 के 11वें मैच में चेन्नई सुपर किंग्स को 6 रनों से हराकर अपना खाता खोला। इस जीत के बावजूद राजस्थान रॉयल्स के कार्यवाहक कप्तान रियान पराग पर जुर्माना लगा है। दरअसल, रियान पराग पर ये जुर्माना धीमी ओवर गति के लिए लगाया गया है। रॉयल्स के कार्यवाहक कप्तान रियान पराग को 12 लाख रुपये जुर्माने के तौर पर भरने पड़ेंगे। गुवाहाटी में रविवार को खेले गए मैच में नीतीश राणा के 36 गेंदों में 81 रनों के बाद लेग स्पिनर वानिंदु हसरंगा के 4 विकेट की मदद से राजस्थान रॉयल्स को ये जीत मिली थी। नीतीश ने 10 चौकों और 5 छक्कों की पारी के दम पर रॉयल्स को 9 विकेट पर 128 रनों तक पहुंचाया। जिसके जवाब में 2019 के बाद एक भी बार 280 रनों से ऊपर का लक्ष्य हासिल नहीं कर पाई चेन्नई सुपर किंग्स एक बार फिर नाकाम रही और 20 ओवरों में 6 विकेट के नुकसान पर 176 रन ही बना सकी। वहीं आईपीएल के एक बयान में कहा गया कि, आईपीएल की न्यूनतम ओवर गति से संबंधित आचार संहिता के तहत ये उनकी टीम का सीजन का पहला अपराध था इसलिए रियान पराग पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

# अचानक टीम छोड़कर संजू सैमसन बैंगलोर पहुंचे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राजस्थान रॉयल्स के नियमित कप्तान संजू सैमसन अंगूठे में चोट के कारण पिछले तीन मैच से इम्पैक्ट प्लेयर के रूप में खेल रहे हैं। वह इस दौरान न टीम की कप्तानी कर रहे हैं न ही विकेटकीपिंग। अब वह सोमवार को विकेटकीपिंग करने की अनुमति लेने के लिए बेंगलुरु में स्थित बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस पहुंचे हैं। क्रिकबज की खबर के मुताबिक सैमसन का सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्पोर्ट साइंस विंग में टेस्ट होगा, इसके बाद अगर उन्हें अनुमति मिलेगी तो वह कप्तान के तौर पर टीम में वापसी करेंगे। साथ ही विकेटकीपर की भूमिका भी निभाएंगे। सैमसन की गैरमौजूदगी में टीम की कप्तानी रियान पराग कर रहे हैं। उनकी कप्तानी में टीम ने तीन मुकाबले खेले हैं। जिसमें से टीम को सिर्फ एक मैच में जीत मिली है। राजस्थान अपने शुरुआती दो मैच सनराइजर्स हैदराबाद और कोलकाता नाइट राइडर्स से हारी थी। इसके बाद रविवार को उन्होंने चेन्नई सुपर किंग्स को हराकर इस सीजन में जीत का खाता खोला है। सैमसन ने इस दौरान हैदराबाद के खिलाफ 66, केकेआर के खिलाफ 13 और चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ 20 रन बनाए थे। सैमसन की गैरमौजूदगी में ध्रुव जुरेल टीम के लिए विकेटकीपिंग की भूमिका निभा रहे थे। सैमसन को वहीं उम्मीद होगी कि उन्हें सेंटर ऑफ एक्सीलेंस से विकेटकीपिंग करने के लिए अनुमति मिल जाए।

# बीसीसीआई ने जारी किया भारत के ऑस्ट्रेलिया दौरे का फुल शेड्यूल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बीसीसीआई ने टीम इंडिया के ऑस्ट्रेलिया दौरे का पूरा शेड्यूल जारी कर दिया है। टीम इंडिया अक्टूबर 2025 में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जाएगी। यहां वनडे और टी20 सीरीज खेली जाएगी। रोहित शर्मा और विराट कोहली वनडे सीरीज का हिस्सा हो सकते हैं। वहीं टी20 सीरीज के लिए सूर्यकुमार यादव या हार्दिक पंड्या को कप्तानी मिल सकती है। हालांकि, इस पर अभी तक आधिकारिक जानकारी नहीं मिली है।. बीसीसीआई ने सोमवार को एक्स पर एक पोस्ट शेयर की। बोर्ड ने इसके जरिए बताया कि टीम इंडिया इस साल ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जाएगी। भारत के ऑस्ट्रेलिया दौरे की खबर पहले ही आ गई थी। लेकिन इसकी सोमवार को आधिकारिक घोषणा हुई। भारत की पुरुष टीम इस दौरे पर तीन वनडे और पांच टी20 मैचों की सीरीज खेलेगी। वहीं भारत की महिला टीम फरवरी 2026 में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जाएगी। वह वनडे और टी20 के साथ एक टेस्ट भी खेलेगी।

भारतीय पुरुष टीम 19, 23 और 25 अक्टूबर को वनडे सीरीज खेलेगी। सीरीज का पहला मैच पर्थ, दूसरा एडिलेड और तीसरा सिडनी में खेला जाएगा। वहीं 29 अक्टूबर से 8 नवंबर तक टी20 सीरीज खेली जाएगी।

भारत की महिला टीम अगले साल ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जाएगी। वह 15 फरवरी, 19 फरवरी और 21 फरवरी को टी20 मैच खेलेगी। सीरीज का पहला मैच सिडनी, दूसरा कैनबरा और तीसरा एडिलेड में खेला जाएगा। इसके बाद 24 फरवरी, 27 फरवरी और 1 मार्च को वनडे मैच खेलेगीं। एक मात्र टेस्ट मैच 6 मार्च से खेला जाएगा।

# अश्विनी कुमार जिन्होंने कोलकाता के खिलाफ 4 विकेट लेकर मचाया तूफान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई इंडियंस और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच आईपीएल 2025 के 12वां मुकाबला खेला जा रहा है। इस मैच में टॉस जीतकर हार्दिक पंड्या की मुंबई टीम ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। इस दौरान मुंबई इंडियंस की प्लेइंग 11 में अश्विनी कुमार को मौका मिला है। वहीं इस मौके का सही इस्तेमाल कोई इस 23 वर्षीय खिलाड़ी से सीखे। जिसने अपने डेब्यू मैच में 4 विकेट झटक कर गर्दा उड़ा दिया है। अश्विन ने अपने आईपीएल करियर की पहली गेंद पर केकेआर के कप्तान अजिंक्य रहाणे को आउट करके खास उपलब्धि अपने नाम की है। मुंबई के लिए अश्विनी से पहले डेब्यू मैच की पहली गेंद पर अली मुर्तजा, अल्जारी जोसेफ और डेवाल्ड ब्रेविस ने विकेट लिए हैं। इस



मैच के जरिए आईपीएल में डेब्यू करने वाले आश्विनी कुमार घातक फॉर्म में दिखे। हालांकि, इसके बाद अश्विन ने तीन विकेट और चटकाए हैं।


जहां उन्होंने पहला विकेट अजिंक्य रहाणे का झटका तो दूसरा रिंकू सिंह, मनीष पांडे और आंद्रे रसेल को पवेलियन भेज कर अपने डेब्यू मैच में चार विकेट झटककर इतिहास रच दिया।

ओवरऑल अश्विनी 10वें गेंदबाज हैं जिन्होंने अपने आईपीएल डेब्यू मैच की पहली गेंद पर विकेट लिया है।

अश्विनी से पहले मथीशा पथिराना आखिरी गेंदबाज थे जिन्होंने आईपीएल में ये उपलब्धि अपने नाम की थी। इसके साथ ही अश्विन कुमार ने डेब्यू पर तीन ओवर में 11 रन देकर चार विकेट अपने नाम किए। ये आईपीएल इतिहास में डेब्यू पर किसी गेंदबाज का चौथा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। अश्विनी का ये प्रदर्शन डेब्यू पर किसी भारतीय का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। वहीं आईपीएल में डेब्यू पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन का रिकॉर्ड अल्जारी जोसेफ के नाम है जिन्होंने 2019 में मुंबई इंडियंस की ओर से खेलते हुए सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 12 रन देकर 6 विकेट झटके थे। 23 वर्षीय अश्विनी कुमार पंजाब के गेंदबाज हैं। अश्विनी ने शेर-ए पंजाब टी20 ट्रॉफी 2024 में बेहतरीन प्रदर्शन के दम पर मुंबई इंडियंस के स्काउट्स को प्रभावित किया था। अश्विनी ने उस टूर्नामेंट में डेथ गेंदबाजी से काफी प्रभावित किया था। उन्होंने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2022 में पंजाब के लिए डेब्यू किया था, लेकिन उन्हें सिर्फ चार मैच में खेलने का मौका मिला था।

अश्विनी ने पंजाब के लिए दो प्रथम श्रेणी और चार लिस्ट ए मैच भी खेले।

# सनराइजर्स हैदराबाद को आईपीएल के बीच किया जा रहा ब्लैकमेल!



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सनराइजर्स हैदराबाद ने हैदराबाद क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष पर हैदराबाद के उप्पल में राजीव गांधी स्टेडियम में अपने कर्मचारियों को ब्लैकमेल करने और जबरदस्ती करने का आरोप लगाया है। क्रिकबज की रिपोर्ट के अनुसार चेन्नई स्थित सन ग्रुप के स्वामित्व वाली स्क्र॥ टीम ने ये भी आरोप लगाया है कि एसआरएच के अध्यक्ष जगन मोहन राव ने लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ उनके खेल से कुछ घंटे पहले कॉपरेट बॉक्स को बंद कर दिया था। टिकटों और कॉम्प्लीमेंट्री पास के मुद्दे को सुलझाने के लिए एसोसिएशन के साथ बैठक की मांग की है। साथ ही हैदराबाद फ्रेंचाइजी मैनेजमेंट ने बीसीसीआई और आईपीएल मैनेजमेंट को एचसीए अध्यक्ष से होने वाली परेशानियों के बारे में भी बताया है। साथ ही सचिव, सीईओ और अन्य सहित एसोसिएशन के अन्य अधिकारियों से मिले सहयोग के लिए भी धन्यवाद दिया है। हाल ही में एचसीए टॉप परिषद के सदस्यों को भेजी गई सनराइजर्स हैदराबाद की एक रिलीज में कहा गया है कि एचसीए अध्यक्ष श्री जगन मोहन राव ही हैं जो धमकियां, दबाव और ब्लैकमेल का सहारा ले रहे हैं। आईपीएल शुरू होने से पहले ही राव ने हमारे स्टाफ को दबाव में लेकर धमकी दी थी, जिसके जवाब में स्टाफ ने डर के कारण उन्हें ईमेल किया था, जिसमें उन्होंने दी गई धमकी को रिकॉर्ड में दर्ज किया था। वहीं रिलीज में लिखा गया है कि, ये आपके 29 मार्च 2025 के ईमेल के संदर्भ में है। सबसे पहले, हम ये रिकॉर्ड पर रखना चाहते हैं कि हमें एचसीए के सचिव, सीईओ, कोषाध्यक्ष या एचसीए के अन्य पदाधिकारियों के खिलाफ कोई शिकायत नहीं है। वास्तव में हम उनके सहयोग के लिए उनका धन्यवाद करना चाहते हैं।

धरने पर बैठीं महिलाओं ने कहा- नशे में आते-जाते अश्लील कमेंट करते हैं नशेड़ी, हटाई जाए दुकान

# शराब दुकान के बाहर धरने पर बैठीं महिलाएं

### भजन-कीर्तन और नारेबाजी से जताया विरोध



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** जिले में महिलाओं के साथ बढ़ती छेड़खानी और असामाजिक गतिविधियों से परेशान होकर महिलाओं ने शराब दुकान के खिलाफ धरना दे दिया। करहिया मंडी के पास स्थित शराब दुकान को हटाने की मांग को लेकर मंगलवार दोपहर सैकड़ों महिलाएं धरने पर बैठ गईं। उन्होंने मुख्यमंत्री मोहन यादव से गुहार लगाते हुए खुद को 'लाड़ली बहन' बताते हुए सुरक्षा की मांग की।

शराब दुकान के बाहर धरने पर बैठी महिलाओं ने भजन-कीर्तन किया और नारेबाजी करते हुए प्रशासन से तत्काल दुकान हटाने की मांग की। महिलाओं का कहना है कि इस शराब दुकान के चलते इलाके में असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगने लगा है, जिससे महिलाओं और बच्चियों का सड़क पर निकलना मुश्किल हो गया है।

स्थानीय निवासी श्रद्धा मिश्रा ने बताया कि करहिया नंबर एक और सच्चा नगर कॉलोनी के लोग इस समस्या से लंबे समय से जूझ रहे हैं। शराबी सड़क पर खुलेआम बैठकर शराब पीते हैं, खाली बोतलें घरों में फेंकते हैं और महिलाओं पर अश्लील कमेंट करते हैं।

वहीं, ममता तिवारी ने कहा कहा कि अगर प्रशासन जल्द से जल्द शराब दुकान नहीं हटाता तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। जब तक हमारी मांग पूरी नहीं होती, हम अनिश्चितकालीन धरना जारी रखेंगे।

**बेटियां अब घर से बाहर निकलने में डरती हैं:** सैनिक परिवारों की महिलाएं भी इस समस्या से जूझ रही हैं। श्रद्धा तिवारी के पति सूबेदार मेजर आर्मी में पदस्थ हैं। श्रद्धा ने बताया कि मेरी बेटियां अब घर से बाहर निकलने में डरती हैं। कभी सड़क पर पत्थर रख दिया जाता है तो कभी बदतमीजी की जाती है। हमारे घरों के सामने शराबी बॉटल लेकर आकर बैठ जाते हैं।

धरने की सूचना मिलते ही सहायक जिला आबकारी अधिकारी अखिलेश्वर सिंह ठाकुर मौके पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि था कि स्थानीय रहवासियों ने आवेदन पत्र दिया है। जिसे वरिष्ठ कार्यालय को भेजा जाएगा और वरिष्ठ कार्यालय आवेदन पत्र पर जो भी निर्णय लेगा, उससे पीड़ित परिवारों को अवगत करा दिया जाएगा।

## जनसुनवाई में कलेक्टर ने 67 आवेदकों की शिकायतें सुनीं



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** कलेक्टर प्रतिभा पाल ने जनसुनवाई में 67 आवेदकों की शिकायतें सुनीं। कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में राजस्व, पेंशन, ग्रामीण विकास, खाद्य, पीएचई आदि विभागों से संबंधित शिकायतों को कलेक्टर ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को समाधानकारक कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया।

जनसुनवाई के दौरान ग्राम टंगहा भोथी (त्योंथर) के निवासियों ने आवाद व्यक्तियों को आवासीय पट्टा दिलाये जाने का आवेदन दिया। कलेक्टर ने एसडीएम त्योंथर को मौके पर परीक्षण कर कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया। पलिया मनगवां के नावालिग ओम पाण्डेय संरक्षक महेश प्रसाद पाण्डेय के नावालिक के सम्पत्ति का वारसाना किये जाने के अपर आयुक्त के आदेश का पटवारी द्वारा पालन नहीं किये जाने के आवेदन पर कलेक्टर ने संयुक्त कलेक्टर को परीक्षण के निर्देश देते हुए कहा कि पटवारी हल्का चोरगड़ी द्वारा हीलाहवाली किया जाना पाया जाय जो संबंधित के विरूद्ध कार्यवाही करें। उन्होंने मुक्द्दर बेग घोघर निवासी के मकान से अवैध कब्जा हटाने, रामबहोर पटेल मटीमा सिरमौर को शासकीय हैण्डपंप को अतिक्रमण से मुक्त कराने, तीरथ प्रसाद चर्मकार कल्याणपुर के सार्वजनिक कूप को निजी उपयोग से मुक्त कराने तथा जगन्नाथ साकेत उमरी निवासी के खसरा सुधार के आवेदन पर कार्यवाही न होने पर संबंधित एसडीएम को कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने महेबा निवासी लाल बहादुर कुशवाहा के आराजी खसरा परिवर्तन करने, जवा के रामराज मल्लाह के अतिक्रमण हटाने तथा महुली निवासी कमला पाण्डेय के पति की मृत्यु के उपरांत गलत वारसाना किये जाने के आवेदनों को संबंधित एसडीएम को कार्यवाही करने हेतु प्रेषित किया। उन्होंने संतोष कोरी दुआरी के आवासीय पट्टा दिये जाने के आवेदन को एसएलआर, बरा निवासी राजवर्धन सिंह के अवैध अतिक्रमण पर रोक लगाने के आवेदन को तहसीलदार हुजूर तथा तेदुन निवासी धर्मेन्द्र गुप्ता के जमीन से अतिक्रमण हटाने के आवेदन को तहसीलदार सिरमौर को कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया। कलेक्टर ने रीवा नगर के मुख्य नगर वासियों के आवासीय क्षेत्र से अवैध मोबाइल टावर हटाने के आवेदन को परीक्षण हेतु एसडीएम हुजूर को प्रेषित किया गया। इसी प्रकार बुद्धसेन प्रजापति रायपुर कर्चुलियान के पीएम आवास योजना का लाभ दिलाने के आवेदन पर सीईओ रायपुर कर्चुलियान को, धर्मेन्द्र शर्मा द्वारा अनुकंपा नियुक्ति दिलाने के आवेदन को सिंचाई विभाग को तथा बहुरीबांध निवासियों के शासकीय हैण्डपंप को अतिक्रमण से मुक्त कराने के आवेदन को पीएचई कार्यपालन यंत्री को समाधान कार्यवाही किये जाने हेतु कलेक्टर द्वारा प्रेषित किया गया। सीईओ जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर, अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी, संयुक्त कलेक्टर पी.के. पाण्डेय एवं श्रयेस गोखले ने भी आवेदकों की समस्यायें सुनीं।

## प्रथम कार्य दिवस पर कलेक्ट्रेट में वंदे मातरम गान का हुआ गायन



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** माह के प्रथम कार्य दिवस पर कलेक्ट्रेट में वंदे मातरम गान का गायन हुआ। कलेक्ट्रेट के अधिकारियों कर्मचारियों ने वंदे मातरम गान के उपरांत माह के प्रथम कार्य दिवस की शुरूआत की। इस दौरान अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी, संयुक्त कलेक्टर पीके पाण्डेय, संयुक्त कलेक्टर श्रेयस गोखले सहित कलेक्ट्रेट के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

पहले 5 हजार और फिर 2 हजार रुपए में कर रहा था डील

# रिश्वत मांगता प्रधान आरक्षक कैमरे में कैद, एसपी ने किया निलंबित

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** रीवा में एक प्रधान आरक्षक पैसे की डिमांड करते हुए कैमरे में कैद हो गया। जो थाने के मुख्य द्वार पर खड़े होकर पैसे की मांग कर रहा था।

मामला उजागर होने के बाद मारपीट के मामले में एक पक्ष से पैसे की मांग करने वाले प्रधान आरक्षक को निलंबित कर दिया गया है। पुलिस के मुताबिक इससे पहले भी सिविल लाइन थाने में पैसे की लेनदेन के मामले में पुलिस अधीक्षक ने इसी पुलिसकर्मी के संचयी भाव से वेतन वृद्धि रोकने के आदेश दिए थे।





वीडियो में यह साफ तौर पर देखा और सुना जा सकता है कि प्रधान आरक्षक किस तरह से एक पक्ष से पहले 5 हजार रुपए की मांग करता है और उसके बाद आरोपी के गिड़गिड़ाने पर मामला 2 हजार में डील करने के लिए राजी हो जाते हैं।

लोगों ने इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल कर दिया जाता है। जिसके संज्ञान में आने के बाद जिले के पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह ने प्रधान आरक्षक सुखलाल कोल को निलंबित करने के आदेश जारी किए हैं। गौरतलब है कि इससे पहले इसी प्रधान आरक्षक द्वारा शहर के सिविल लाइन थाने में एक और आरोपी पक्ष से पैसे की मांग की गई थी। जिसका वीडियो भी किसी ने बनाकर सोशल मीडिया में वायरल कर दिया था।

**पहले वेतन वृद्धि रोकने के आदेश हो चुके हैं:** इस मामले में भी जिले के पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह ने एक वर्ष के लिए संचयी भाव से वेतन वृद्धि रोकने के आदेश प्रधान आरक्षक के विरुद्ध जारी किए थे। जो न्यायालय में सबूतों के आभाव में बच गया था। एसपी विवेक सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। रिश्वत मांगते हुए दिख रहे हैं। तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

## जनपद पंचायत के सहयोग से युवाओं को सुरक्षा एजेंसी दे रही है रोजगार

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** युवाओं को रोजगार का अवसर देने के लिए पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा सभी जनपद पंचायतों में शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। दो अप्रैल को नईगढ़ी में 03 अप्रैल को मऊगंज जनपद परिसर तथा 04 अप्रैल को रीवा जनपद पंचायत परिसर में भर्ती शिविर लगाये जायेंगे। इन शिविरों में सिंगरौली की एसआईएस सुरक्षा एजेंसी द्वारा युवाओं का सुरक्षा कार्यों के लिए चयन किया जा रहा है। युवाओं की शारीरिक एवं लिखित परीक्षा के उपरांत उनका चयन किया जा रहा है। चयनित युवाओं को रजिस्ट्रेशन किया जायेगा। इसके बाद सभी चयनित उम्मीदवारों को एस. आई. एस. ट्रेनिंग एकेडमी सिंगरौली एक माह का प्रशिक्षण दिया जायेगा। ट्रेनिंग सेंटर में ही युवाओं के शैक्षणिक तथा अन्य दस्तावेजों का सत्यापन किया जायेगा। प्रशिक्षण के दौरान पी0 टी0, डी्ल, ड्रिल थ्योरी, औद्योगिक सुरक्षा, विशिष्ट व्यक्तियों की सुरक्षा, प्राथमिक उपचार, आग बुझाने, कम्प्यूटर , बैंक सिक्यूरिटी, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग की सुरक्षा सरकारी कार्यालयों की सुरक्षा आदि का प्रशिक्षण दिया जायेगा। प्रशिक्षण के बाद विभिन्न निजी और शासकीय संस्थानों में सुरक्षा कार्य में तैनाती का अवसर मिलेगा। भर्ती के लिए शारीरिक रूप से स्वस्थ योग्य उम्मीदवार ,मैट्रिक पास, आयु 19 वर्ष से 40 वर्ष तक ही होनी चाहिए । जिले के सभी बेरोजगार नवयुवको को चयन करके उन्हें प्रशिक्षण व रोजगार उपलब्ध कराया जायगा तथा उम्मीदवारों को प्रशिक्षण हेतू नियुक्ति पत्र दिया जायेगा।

## राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक आज

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** कलेक्ट्रेट सभागार में 2 अप्रैल को सुबह 11 बजे से आयोजित बैठक में कलेक्टर प्रतिभा पाल राजस्व कार्यों की समीक्षा करेंगी। बैठक में नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन सहित सभी राजस्व प्रकरणों के निराकरण, साइबर तहसील, वक्फ सम्पत्तियों के सत्यापन एवं किसान सम्मान निधि में ई केवाईसी अपडेशन की समीक्षा की जाएगी। बैठक में फार्मर रजिस्ट्री, राजस्व वसूली, धारणाधिकार तथा स्वामित्व योजना, भू अर्जन के प्रकरणों एवं सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की जाएगी। अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी ने राजस्व अधिकारियों को अद्यतन जानकारी के साथ बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं।

# महज 10 प्रतिशत छूट के लिये लगा रहे पुस्तक मेला

### मानस भवन में चार और पाँच अप्रैल को लगेगा पुस्तक मेला

### मेले में खरीददारों और वेंडर्स के लिए उचित व्यवस्था रहेगी



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** विद्यार्थियों को रियायती दर पर किताबें और स्कूल ड्रेस उपलब्ध कराने के लिए रीवा में मानस भवन में दो दिवसीय पुस्तक मेला लगाया जा रहा है। पुस्तक मेला चार और पाँच अप्रैल को सबुह 10 बजे से रात 10 बजे तक आयोजित होगा। कलेक्ट्रेट के बाणसागार सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर प्रतिभा पाल ने मेले के तैयारियों की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि मेला स्थल पर उचित स्टाल लगाकर वेंडर्स की व्यवस्था करें। पुस्तक और ड्रेस बेचने वाले सभी दुकानदारों को मेले में शामिल करें। प्रत्येक दुकानदार का पंजीयन करके उसे स्टाल संख्या आवंटित करें। मेले में खरीददारों और वेंडर्स के लिए समुचित व्यवस्थाएं करें। पुस्तक मेले में 10 प्रतिशत छूट पर किताबें मिलेंगी। इसलिए मेले में बड़ी संख्या में लोग आएंगे। पुलिस अधिकारी वाहनों की पार्किंग तथा भीड़ प्रबंधन के लिए उचित प्रबंध करें। आयुक्त नगर निगम मेला स्थल में पेयजल और साफ-सफाई की व्यवस्थाएं कराएं। कलेक्टर ने कहा कि मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मेला स्थल का निरीक्षण करके सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराएं। मेले में किताबों और स्कूल ड्रेस के सभी विक्रेता अपना स्टाल लगाएं, इसे सुनिश्चित करें। जिला शिक्षा अधिकारी मेले के प्रत्येक काउंटर पर कर्मचारी तैनात करें। मेले में सभी कक्षाओं की पूरी किताबों की बिक्री सुनिश्चित करें जिससे अभिभावक को किताबों के लिए पुनः दुकान न जाना पड़े। मेला स्थल में हेल्पडेस्क भी स्थापित करें। इसमें प्राप्त सूचनाओं तथा उन पर की गई कार्यवाही से प्रतिदिन सीईओ जिला पंचायत को अवगत कराएं। प्रमुख निजी स्कूलों की फीस तथा प्रवेश के संबंध में तीन दिवस में निरीक्षण कराकर प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। फीस बढ़ाने के संबंध में यदि कोई स्कूल संचालक शासन के निर्देशों का उल्लंघन करता पाया जाएगा तो उस पर दो लाख रुपए का जुर्माना लगाया जाएगा। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी सुदामालाल गुप्ता ने पुस्तक मेले के लिए किए जा रहे प्रबंधों की जानकारी दी। बैठक में आयुक्त नगर निगम डॉ सौरभ सोनवड़े, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर, सीएसपी शिवाली चतुर्वेदी, नायब तहसीलदार यतीश शुक्ला तथा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### शिक्षा माफियाओं पर नकेल कसने के लिये ये काफी नहीं

पुस्तक मेले में अभिभावकों को 10 प्रतिशत छूट में किताबें उपलब्ध कराने की बात कही गई हैं। जिससे अभिभावक संतुष्ट नहीं हैं। अभिभावकों का कहना है कि जिस तरह से जबलपुर कलेक्टर ने शिक्षा माफियाओं पर नकेल कसने के लिये सभी निजी विद्यालयों में एनसीआरटी की पुस्तकें लागू किये जाने का आदेश दिया है। उसी तरह रीवा में क्यों नहीं किया जा सकता है। क्यों कि एनसीआरटी और निजी प्रकाशन की किताबों के दाम में धरती-आसमान का अंतर होता है। ऐसे में यदि मेले में 10 फीसदी की छूट दी भी जाती है, तो वो कोई बड़ी राहत नहीं होगी। क्योंकि इनका बिल कई हजारों में बनता है।

## मूल गौवंशीय नस्ल एवं भारतीय उन्नत नस्ल की दुधारू गायों को मिलेगा पुरस्कार



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा प्रदेश की मूल गोवंशीय नस्ल एवं भारतीय उन्नत नस्ल की दुधारू गायों को पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ राजेश मिश्रा ने बताया कि जिन पशुपालकों के पास भारतीय नस्ल की गिरि, साहीवाल, थारपारकर एवं हरियाणा आदि नस्ल की गाय हों तथा उनका दुग्ध उत्पादन प्रति दिवस 6 लीटर से अधिक हो वह अपने पशु का पंजीयन दो अप्रैल से चार अप्रैल तक विकासखण्ड स्तर अथवा निकटतम पशु चिकित्सालय में करा सकते हैं। अधिकतम दुग्ध उत्पादन वाले प्रथम 10 गौवंशों का सुबह-शाम एवं दूसरे दिन कुल तीन समय दुग्ध क्षमता का आकलन विभाग के अधिकारियों द्वारा पशु मालिक के घर जाकर सूचीबद्ध किया जाएगा। इस प्रकार जिले के प्रत्येक विकासखण्ड से प्राप्त सूची में से अधिकतम दूध उत्पादन वाले प्रथम तीन गौवंश के पशुपालकों के नाम राज्य स्तर पर प्रेषित किए जाएंगे। राज्य स्तर पर 13 अप्रैल को विभागीय मंत्री द्वारा अधिकतम दुग्ध उत्पादन वाले तीन पशुपालकों को पुरस्कृत किया जाएगा। उप संचालक ने जिले के पशुपालकों से निर्धारित समयावधि में मापदण्ड वाले गौवंशीय पशुओं का पंजीयन कराने की अपेक्षा की है।

बीजेपी नेता गौरव तिवारी ने रेल मंत्री से की थी मांग

# रीवा से दिल्ली जाने वाली आनंद विहार ट्रेन के बदलवाए गये कोच

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** रीवा से दिल्ली जाने वाली एकमात्र ट्रेन रीवा-आनंद विहार के कई वर्षों से ष्ट से लेकर स्लीपर और सामान्य श्रेणी के कोच ख़राब थे जिससे यात्रियों को परेशानी होती थी और गंदगी झेलनी पड़ती थी वही ट्रेन के अंदर की बैठक व्यवस्था भी ख़राब थी, यह इकलौती ट्रेन जो रीवा से उत्तर प्रदेश के कई जिलों व राजधानी दिल्ली से जोड़ने वाली ट्रेन हैं जिसका उपयोग जनमानस तमाम सुविधाओं हेतु उपयोग करते है लेकिन छोटी-छोटी समस्याओ के चलते यात्रियों को सड़क मार्ग से भी सफर तय करना पड़ता था। जबकि ट्रेन का राजस्व भी सरकार को बड़े पैमाने में प्राप्त होता है,




विगत 31 जनवरी को रीवा लोकसभा क्षेत्र के बीजेपी नेता गौरव तिवारी ने देश के रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मिलकर रीवा आनंद विहार सुपरफ़ास्ट अप और डाउन ट्रेन के रैक बदलने का अनुरोध किया था। जिसे उन्होंने सहर्ष स्वीकार किया था एवं आश्वासन दिया था की तीन महीने महीने इसे पूर्णतः बदल दिया जाएगा। रेल मंत्री ने विंध्य वासियों की सुविधाओं का ध्यान रखते हुए, पूरे रैक बदल दिए है ।

विंध्य रीवा से जुड़े तमाम अलग अलग जिलों से भी महाकुंभ में जाने वाले श्रद्धालु जाम में ना फसने की मुसीबत से इस ट्रेन का खूब उपयोग किए है वही इतने भीड़ के बावजूद भी रेल कर्मियों द्वारा समय और साफ़- सफाई का विशेष ध्यान रखा जा रहा था जिसका कार्य विभाग गौरव तिवारी के ज्ञापन के बाद बेहतर ढंग से संचालित करने में जुटा हुआ था।





जनवरी माह में गौरव तिवारी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के बीच रेल से जुड़े प्रमुख मुद्दों में मुलाक़ात के बाद रीवा- आनंद विहार ट्रेन में लगातार अप -डाउन दोनों ही गाड़ियो नए कोच तैयार करके लगा दिए गए है।

रेल में समय से बदले गए सभी कोच के लिए गौरव तिवारी ने विंध्य वसीयों की तरफ से रेल मंत्री का आभार प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि हमारे देश के आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जिस तरह नए भारत में जनता के हितों के लिए कोई कसर नही छोड़ रहे हैं उसी का परिणाम है कि उनके के मार्गदर्शन पर अश्विनी जी भारतीय रेल्वे को एक नए आयाम तक पहुँचा रहे हैं।

**रेल के अटेंडर और सफ़ाई कर्मचारियों ने रेल मंत्री का धन्यवाद किया:** कोच बदलने के बाद रेल यात्रियों व रेल कर्मचारी जो देखभाल व साफ़ सफाई करते है उनके ख़ुश नजर आ रहे है, साथ ही सफ़ाईकर्मी रेल मंत्री जी व रेल मंत्रालय को धन्यवाद ज्ञापित कर रहे है।

स्वत्वाधिकारी मुद्रक/प्रकाशक संदीप द्विवेदी द्वारा मीडिया ऑडीटर पब्लिकेशन प्रा.लिमि. राजीव मार्ग निराला नगर रीवा से मुद्रित कर मीडिया ऑडीटर कार्यालय राजीव मार्ग निराला नगर रीवा से प्रकाशित, **संपादक संदीप द्विवेदी**, आर.एन.आई नं. 69082/97, डाक पंजीयन क्र.- म. प्र./ रीवा संभाग/ 46/2023-2025, प्रधान कार्यालय रीवा (सिटी कार्यालय चक्रधर सिटी सेंटर रीवा) फोन. नं. 9589645803, 7974467831 Mediaauditor1@gmail.com सभी विवादों का न्याय क्षेत्र रीवा होगा।